हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अप्रैल 2025




## नवरात्रि विशेष



### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। ब्रह्माजी ने वरदान तो दे दिया, पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रू धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरूप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्ही स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है।
आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।

# शराब की अवैध बॉटलिंग मामले में आबकारी की टीम करेगी जांच
# फरार आरोपियों को पकड़ने पुलिस ने भी बनाई 11 सदस्यीय टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ शहर से महज पांच किलोमीटर दूर स्थित फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग के खिलाफ कार्रवाई के बाद उसकी जांच को लेकर एक्शन शुरू हो गया है। सवालों में घिरे आबकारी विभाग ने अपने ही महकमे के दो कर्मचारियों को नोटिस थमाने के बाद अब जांच के लिए सहायक आबकारी अधिकारी कुसुमलता को जिम्मा सौंपा है। इन्हें पूरे मामले की जांच रिपोर्ट बनाकर सात दिनों के भीतर जमा करने कहा गया है।

इधर इस मामले में कार्रवाई करने वाले पुलिस विभाग ने भी पड़ोसी राज्य से शराब लाकर अवैध कारोबार करने वाले शराब माफियाओं के खिलाफ सख्त एक्शन के लिए 11 सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। यह टीम इस मामले में संलिप्त सभी आरोपियों की खोजबीन कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश करेगी।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस में पुलिस ने 28 लाख रुपए की अवैध शराब के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार के नकली होलोग्राम और स्टीकर भी बरामद किया है। तस्करों द्वारा यहां मध्यप्रदेश से शराब की तस्करी कर यहां खाली बोतलों में इसे भरा जाता था।

### फर्जी होलोग्राम और स्टीकर को लेकर भी हो रही जांच

नकली होलोग्राम एवं स्टीकर की मदद से उसे जिले के अलग-अलग हिस्सों में खपाया जा रहा था। यही कारण है कि अब आबकारी विभाग ने भी जांच के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। जिला आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर ने वरिष्ठ आबकारी अधिकारी कुसुमलता को जांच के आदेश जारी किए हैं। वहीं डोंगरगढ़ के आबकारी उपनिरीक्षक उज्जवल सूत्रधार और सहायक आबकारी अधिकारी संदीप सहारे को नोटिस थमाई गई है।




### सात दिनों में मांगी रिपोर्ट

आबकारी महकमे ने जांच अधिकारी से एक हफ्ते के भीतर रिपोर्ट मांगी है। पुलिस द्वारा जब्त की गई शराब की जांच करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस मामले में आबकारी की टीम फर्जी स्टीकर एवं होलोग्राम को लेकर भी जांच करेगी।

### पुलिस टीम में यह सदस्य शामिल

आरोपियों की खोजबीन के लिए एसपी मोहित गर्ग ने भी 11 सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। इनमें डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, डोंगरगांव थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास, उपनिरीक्षक भूषण चंद्राकर, सउनि द्वारका लाउत्रे एवं सुमन कर्ष, राणा प्रसन्न, प्रयंश सिंह, बसंत राव, परिवेश वर्मा, धीरज डड़सेना एवं मनोज खुंटे को शामिल किया गया है।

# पांच महीने में मिलर्स ने महज 32% चावल जमा किया, मई में अटकेगा राशन वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी के बाद मिलिंग के लिए उपार्जन केंद्रों से धान उठाव करने वाले राईस मिलर्स चावल जमा करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। यही कारण है कि पांच महीने में जिले के राईस मिलर्स द्वारा महज 32 फीसदी ही चावल जमा किया गया है। जबकि इस अवधि में इससे दोगुना चावल जमा हो जाना चाहिए था। मिलर्स द्वारा चावल जमा नहीं करने के चलते पीडीएस के जरिये राशन वितरण प्रभावित हो सकता है। मई-जून महीने के लिए खाद्य विभाग के पास स्टॉक उपलब्ध नहीं है।

अनुबंध के अनुसार प्राप्त धान के एवज में सभी राईस मिलर्स को 1 क्विंटल अरवा धान के बदले 67 किलो चावल और 1 क्विंटल उसना धान के बदले 68 किलो चावल जमा करना था। हालांकि प्रशासन लगातार नोटिस जारी कर राईस मिलर्स को चावल जमा करने के निर्देश दे रहा है, लेकिन इसके बावजूद बहुत अधिक प्रभाव नहीं दिखाई पड़ रहा है। वहीं अब एक्शन लेने की तैयारी भी प्रशासन द्वारा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि हर साल प्रदेश सरकार किसानों से धान खरीदी करती है। जिसके बाद उसकी मिलिंग के लिए धान को राईस मिलर्स को दिया जाता है। राईस मिलर्स द्वारा मिलिंग के बाद चावल को वापस जमा किया जाता है। इस बार भी राईस मिलर्स ने धान का उठाव तो कर लिया है, लेकिन उसकी मिलिंग के बाद चावल जमा करने में सुस्त रफ्तार दिखा रहे हैं।



### सत्यापन की तैयारी

राईस मिलर्स द्वारा चावल जमा नहीं किए जाने को लेकर अब प्रशासन भौतिक सत्यापन कराने की तैयारी कर रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राईस मिल में भौतिक सत्यापन के जरिये प्रशासन यह देखेगा कि किस मिलर द्वारा कितना धान का उठाव किया गया है, कितना चावल जमा हुआ है और कितना धान का स्टॉक मिल में उपलब्ध है। यदि इसमें गड़बड़ी मिली तो प्रशासन संबंधित मिलर्स के खिलाफ एक्शन लेगा।

### बाहरी बाजार में खपाया चावल

मिली जानकारी के अनुसार मिलर्स केंद्रों से धान को उठाव कर उसकी मिलिंग के बाद उसे बाहरी बाजार में खपा चुके हैं। यही कारण है कि समय पर चावल जमा नहीं हो रहा है। हालांकि इस मामले में अब प्रशासन पर भी राईस मिलर्स के खिलाफ कार्रवाई का दबाव बढ़ रहा है। ज्ञात हो कि मिलिंग के बाद मिलर्स को राज्य नागरिक आपूर्ति निगम, केन्द्रीय नागरिक आपूर्ति निगम व भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा करना होता है।

### समय पर जमा करना जरूरी

विपणन विभाग से राईस मिलर्स का जो अनुबंध होता है, उसके मुताबिक उन्हें तय समय-सीमा के अंदर चावल जमा करना होता है। चावल जमा नहीं करने पर प्रशासन उन पर कार्रवाई करने के साथ ही उनका पंजीयन निरस्त करने का अधिकार रखता है। साथ ही नए सत्र के लिए कस्टम मिलिंग का पंजीयन नहीं करता है।


द्वितीय पुण्यतिथि



चले गये वे अपने घरसे, पर वे दिल से दूर नहीं।
रूखसत हुए दुनिया से, लेकिन वे हमसे दूर नहीं।।
आप वह चट्टान थे जिसने हर तूफां से हमें बचाया था।
अनुशासित रह हम बच्चों को स्वाभिमान का पाठ पढ़ाया था।।
परिवार जिनका मंदिर था, स्नेह जिनकी शक्ति थी।
परिश्रम जिनका कर्त्तव्य था, परमार्थ जिसकी भक्ति थी।।
ऐसी आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करें...

दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजली...

स्व.श्री अलालीराम जी यादव
पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी, राजनांदगांव

- स्वर्गवास -
02/04/2023

- विनीत -
श्रीमती कुम्भबाई यादव (पत्नी)
केदार राम यादव, केज राम यादव (भाई)

शोकाकुल :-
पुत्र - विनोद कुमार यादव, प्रमोद कुमार यादव
पुत्री - कैना यादव, दामाद- घनश्याम यादव
पुत्री - लता यादव, दामाद- विमल कुमार यादव
छोटी पुत्री- ललिता यादव
नाती- शिवम, तनमय, नातिन- कामना, मेघा यादव



# आरटीई आवेदन की अवधि बढ़ी, आठ अप्रैल तक मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा के अधिकार यानि आरटीई के तहत आवेदन की अवधि को बढ़ा दिया गया है। पोर्टल में आई दिक्कतों को देखते हुए 31 मार्च की डेडलाइन में इजाफा कर इसे आठ अप्रैल कर दिया गया है। ज्ञात हो जिले में की 166 स्कूलों में 1889 सीटों के लिए आवेदन लिए जा रहे है।

उल्लेखनीय है कि आरटीई योजना के तहत लोक शिक्षा संचालनालय के आदेश अनुसार एक मार्च से 31 मार्च तक छात्र पंजीयन की अवधि तय की गई थी। हालांकि इसको अब बढ़ाकर आठ अप्रैल कर दिया गया है। वहीं लॉटरी एवं आबंटन का कार्य 1 एवं 2 मई को किया जाएगा। पहले चरण के लिए दाखिले की अवधि 5 से 31 मई तय की गई है।

इसी तरह दूसरे चरण के तहत आवेदन की प्रक्रिया 2 जून से शुरू होगी, जो 16 जून तक जारी रहेगी। आवेदन के बाद दस्तावेजों की जांच के बाद 14 एवं 15 जुलाई को लॉटरी एवं सीट आबंटन की प्रक्रिया को पूरी की जाएगी। वहीं आबंटन के बाद स्कूल में दाखिले के लिए 18 से 31 जुलाई की अवधि तय की गई है।




### 4 दिन बंद रहा पोर्टल

उल्लेखनीय है कि मार्च महीने में शुरू हुए छात्र पंजीयन के पहले चार दिन पोर्टल में खराबी के चलते बर्बाद हुए। इस दौरान आवेदन करने में दिक्कतें देखने को मिली।

कई स्कूलों के नाम उस दौरान पोर्टल से गायब थे। यह भी एक कारण है कि प्रदेश में आरटीई के तहत आवेदन की अवधि को बढ़ाकर अब आठ अप्रैल कर दिया गया है।

**0 राजनांदगांव।** चैत्र नवरात्रि पर्व के दौरान मां बम्लेश्वरी देवी डोंगरगढ़ में दर्शन हेतु बड़ी संख्या में पदयात्रियों की उपस्थिति बनने लगी है। पदयात्री की उपस्थिति से ग्रामीण मार्ग में चहल-पहल बनी हुई है।

## माय एंगल





# भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव पर चार दिवसीय आयोजन

- वर्धमान नगर से प्रात: 6 बजे निकाली जाएगी वीर संदेश यात्रा
- उदयाचल में मेडिकल कैंप का आयोजन भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के तहत श्री सकल जैन श्री संघ और महावीर जन्म कल्याण महोत्सव समिति द्वारा 6 से 10 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 6 अप्रैल को वर्धमान कमेटी हॉल वर्धमान नगर से सुबह 6 बजे वीर संदेश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं उदयाचल अस्पताल में सुबह 10 से 2 बजे तक मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एमएमआई नारायण के चिकित्सकों द्वारा परीक्षण एवं परामर्श दिया जाएगा। वहीं दोपहर 2.30 से संध्या 4 बजे तक जैन बागीचा में गहुंली प्रतियोगिता का आयोजन होगा।



महोत्सव के तहत आगामी 7 अप्रैल को महावीर सनसिटी से सुबह 6 बजे वीर संदेश यात्रा निकाली जाएगी। वहीं दोपहर 12 से 03 बजे तक आशानगर में वीर प्रसादम और तेरापंथ भवन में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान जैन बगीचा में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रुति जैन नागपुर द्वारा कुकिंग क्लास का आयोजन किया जाएगा। जैन बगीचा में संध्या 7.30 से मर्मस्पर्शी नाटिका- स्थूलिभद्र का ब्रम्हचार्य की प्रस्तुति अंकित बागरेचा एवं टीम वडोदरा द्वारा दिया जाएगा। इस दौरान जैन समाज के विशिष्ठ व्यक्तित्व का सम्मान भी किया जाएगा।

### महावीर स्वामी की भव्य आरती

भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के तहत 8 अप्रैल को अहिंसा पदयात्रा, वीर मेला, किड्स गेम जोन, फल और शरबत वितरण एवं जैन गॉड टैलेन्ट का आयोजन होगा। वहीं 09 अप्रैल को जीवदया यात्रा, सामूहिक नवकार मंत्र जाप, धार्मिक क्रिकेट सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। आयोजन के तहत 10 अप्रैल को प्रभातफेरी, वरघोड़ा, रक्तदान शिविर, महावीर स्वामी की भव्य आरती होगी।







## खबर संक्षेप

### मौसम में बदलाव गर्मी से राहत

**सड़क अतरिया।** मार्च में तेज गर्मी के बाद अप्रैल के पहले दिन मौसम में बदलाव देखने मिला। मंगलवार की सुबह आसमान में काले बादल छाए रहे। तापमान में कमी आने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार तक मौसम के इसी प्रकार रहने की संभावना है। बारिश होने के भी आसार है। मौसम खुशनुमा होने से बम्लेश्वरी दर्शन के लिए जा रहे पदयात्रीयों का सफर कुछ आसान हो गया है। मौसम को देखते हुए पदयात्रियों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।

### मवेशियों की प्यास बुझाने टैंक का प्रबंध



**डोंगरगढ़।** स्थानीय गौशाला कमेटी पिंजरपोल ने गर्मी को ध्यान में रखकर गायों की प्यास बुझाने छोटे-छोटे टैंक बनाए हैं। समिति के अध्यक्ष बिरेंद अग्रवाल ने बताया कि गर्मी को ध्यान में रखकर गायों को पर्याप्त चारा एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा।

### प्रतिमा अनावरण 3 को विस अध्यक्ष आएंगे

**तुमड़ीबोड़।** शहीद आरक्षक



जगतराम कंवर की शहादत के 4 साल बाद उनकी प्रतिमा की स्थापना गृह ग्राम आलीखुटा में 3 अप्रैल को होगा। प्रतिमा का अनावरण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। वहीं क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू स्मारक मंच का लोकार्पण करेंगे। ज्ञात हो कि जगत राम कंवर नवमीं वाहनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल दंतेवाड़ा में पदस्थ हुए थे। 2015 में स्पेशल में टास्क फोर्स बघेरा दुर्ग में स्थानांतरित हुए। एसटीएफ स्पेशल टास्क फोर्स रहते हुए बीजापुर के बासागुड़ा बेस कैंप में पदस्थ रहे। गत 3 अप्रैल 2021 को नक्सली मुठभेड़ में आरक्षक जगत राम कंवर शहीद हो गए थे। उनकी मूर्ति का अनावरण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल होंगे। अध्यक्षता शहीद परिवार संघ के अध्यक्ष शंभू राम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, विधायक दलेश्वर साहू, आईजी दुर्ग रेज रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर संजय अग्रवाल, आईजी दीपक झा, एसपी मोहित गर्ग, एसटीएफ बघेरा के एसपी विजय पांडे, संयुक्त पुलिस कर्मचारी संघ के संजीव मिश्रा, सुखदास मानिकपुरी, मोनू सिंह, बीरसिंह कंवर, सरिता मदन साहू, विनाधर वर्मा उपस्थित रहेंगे।

### विकास, भुनेश को बधाई

**छुरिया।** आमगांव निवासी जनपद सदस्य उभेराम मंडावी के पुत्र विकास मंडावी और कलेश्वर कल्लो के सुपुत्र भुनेश कुमार कल्लो का नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। उनके चयन की खबर मिलने पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर ने घर पहुंच की बधाई दिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कांता प्रसाद साहू, राजेश्वर ध्रुवे, टीकम साहू, शिशु मंदिर छुरिया के प्राचार्य श्री वर्मा, उभेराम मंडावी, कलेश्वर कल्लो आदि मौजूद थे।

### श्रद्धा और भक्ति के साथ मनायी जा रही नवरात्रि

# चोड़राधाम में बह रही देवी भक्ति की अविरल धारा

## मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जय डोंगेश्वर महादेव चोड़राधाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की है। इस पवित्र स्थल के प्रति भक्तों की अटूट आस्था है। माना जाता है कि यहां श्रद्धा और भक्ति भाव से आने वाले हर व्यक्ति की मनोकामना पूर्ण होती है।

शासन द्वारा पर्यटन स्थल घोषित होने के बावजूद चोड़राधाम का अभी तक अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं और जय डोंगेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा मूलभूत सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही है। प्रमुख आवश्यकताओं में मुख्य सड़क से मंदिर तक सुगम पहुंच मार्ग का निर्माण सबसे महत्वपूर्ण है।

इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के लिए शेड, आहाता, धर्मशाला और वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जरूरत है। इन सुविधाओं की मांग को लेकर जय डोंगेश्वर महादेव सेवा समिति ने कलेक्टर, विधायक और सांसद को पूर्व में आवेदन दिया था। हाल ही में समिति के सदस्यों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से भी मिलकर आवेदन सौंपा है। उनसे चोड़राधाम के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। श्रद्धालुओं और समिति को उम्मीद है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस पर्यटन स्थल की महत्ता को समझते हुए विकास के लिए जल्द ही कदम उठाएंगे।



### देवी दरबार में आज मनेगी पंचमी

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है। शक्ति के उपासक माता रानी की भक्ति कर रहे हैं।



आयोजन की कड़ी में नर्मदा मंदिर, बंजारी मंदिर, शीतला मंदिर के अलावा अन्य देवी मंदिरों में कल बुधवार को पंचमी मनाया जाएगा। इस मौके पर माता का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया जाएगा। पंचमी के मौके पर मंदिरों में दर्शनार्थीयों की भीड़ उमड़ने की संभावना है।



### तीन दिन में पहुंचे डेढ़ लाख दर्शनार्थी

**डोंगरगढ़।** चैत्र नवरात्र के पहले तीन दिनों में लगभग डेढ़ लाख के दर्शनार्थियों ने मां बम्लेश्वरी के मंदिर पहुंचकर देवी दर्शन किया। तेज गर्मी के बाद भी लोग नंगे पैर पैदल चलते हुए यहां पहुंच रहे हैं। पदयात्रियों का रैला सोमवार से लगातार बढ़ रहा है। पदयात्रियों के लिए सेवा पंडालों के अलावा प्रशासन ने खाने पीने, ठहरने व स्वास्थ्य सेवा का प्रबंध किया है। अग्रवाल समाज की महिलाओं ने दशनार्थियों के लिए नीचे मंदिर के पास निःशुल्क स्वल्पाहार की व्यवस्था किया। महिलाओं ने पोहा का वितरण किया।



# पंचायत सचिवों की हड़ताल को प्रतिनिधियों का समर्थन

- 16वें दिन भी हड़ताल पर डटे रहे ब्लॉक के सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



मोदी की गारंटी के तहत शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की हड़ताल लगातार जारी है। सचिवों की मांग को अब पंचायत प्रतिनिधियों का भी समर्थन मिलने लगा है। सचिव संघ ने बताया कि विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम से घोषणा पत्र जारी किया था जिसमें प्रदेश भर की पंचायतों में कार्यरत सचिवों को सरकार बनने पर 100 दिन में नियमित करने का वादा किया था। सरकार बनने के बाद उनकी मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। सरकार की ओर से मांग को पूरा करने अपेक्षित पहल नहीं होने के बाद पंचायत सचिव गत 16 मार्च से काम बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आव्हान पर ब्लाक के अधीन आने वाली पंचायतों के सचिव ब्लाक अध्यक्ष रामदुलार साहू के नेतृत्व में आंदोलन कर रहे हैं। गत दिनों धरना में शामिल होकर जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने अपना समर्थन देते हुए सरकार से वादा निभाते हुए सचिवों की मांग पूरा करने का आग्रह किया था। इसी कड़ी में पूर्व जनपद सदस्य मोनिका साहू, ललित मार्कण्डेय, खिरवनदास टंडन ने अपना समर्थन दिया। आंदोलन के 16 दिन धरना पर ब्लाक अध्यक्ष

रामदुलार साहू, योगेश कुमार साहू, कृष्णा, करण जोशी, मोनिका खत्री, मौसमी साहू, डुलन, खिलेश्वरी, मिथलेश, चमन, नीलेश, पूनम, तोरण, दौवा साहू, डेरहा साहू, डेमन साहू, पूनाराम खरे, मुकेश देवांगन, सहित अन्य



### 16 दिनों तक पूजा के बाद गौरा गौरी का विसर्जन

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में 16 दिन तक चली गणगौर पूजन का समापन भगवान गौरा गौरी के विसर्जन के साथ हुआ। नव विवाहित महिलाओं के साथ कुंवारी कन्याओं ने 16 दिन के आयोजन के दौरान बगिया या मंदिर से पानी और फूल लाकर गौरा गौरी की पुजा करके सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। हिंडोली के साथ घडुला देवता को मारवाडी समाज के घरो में ले जाकर गीतो के साथ मंगल कामना किया गया। पर्व के अंतिम दिन अग्रवाल, ओसवाल, महेश्वरी सहित ब्राम्हण समाज के महिलाओं ने महावीर तालाब में गणगौर का विसर्जन कर त्योहार का विधिवत समापन किया।

# समाज को बनाएं सुसंस्कारित : साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

ग्राम घोरदा में भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू थे। इस मौके पर उन्होंने सामाजिकजनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की रीति नीति, संस्कृति व संस्कार को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। भावी पीढी को रीति रिवाल से अवगत करा कर सुसंस्कारिक समाज का निर्माण किया जा सकता है। अध्यक्षता कर रहे तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हेमंत साहू ने समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरूतियो को दूर करने का आव्हान किया। विशेष अतिथि चेतन साहू, चुनेश्वर साहू ने मां कर्मा की जीवन गाथा का बखान किया।

इसके पूर्व ग्राम में बाजे गाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल पर सामूहिक पूजा आरती की गई तथा सामाजिक ध्वज फहराया गया। इस दौरान प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हिरदे साहू, खरगेश साहू, उमा साहू, दीना साहू, तीरथ साहू, छबिलाल साहू, बसंत साहू, यादराम साहू, लिखन साहू, भूषण साहू, सूर्यकांत साहू, राकेश साहू सहित अन्य शामिल हुए।

# घर-मंदिर को सजाया बंदनवार से

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

- दीप सजाकर मनाया नववर्ष

समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद की महिलाओं और सामाजिक जनों ने नव-संवत्सर आरंभ पर उत्सव मनाया। जिला सचिव स्वाति शर्मा ने बताया कि विक्रम संवत 2082 एवं चैत्र नवरात्रि के आरंभ के अवसर पर नगर के रानी तालाब स्थित राजपुरोहित कुल की कुलदेवी सत्ती माता सहित घरों के द्वार पर आमपत्र-पुष्प से बने बंदनवार को मंचोच्चाच्कर लगाया गया। शाम को नववर्ष के स्वागत में दीपक प्रज्जवलित किया गया।

जिलाध्यक्ष बिंदु तिवारी ने बताया कि नववर्ष के मौके सभी बहनों ने एक दूसरे के मस्तक पर कुमकुम तिलक लगाकर बधाई दी। इस आयोजन में विमला शर्मा, रेणु चौबे, लक्ष्मी तिवारी, रिंकी तिवारी, मीना तिवारी, निधि



तिवारी, सीमा मिश्रा, रेनू त्रिपाठी, कविता शर्मा, श्रद्धा ठाकुर, रोहिणी शर्मा, मोना मिश्रा, गंडई की राशि त्रिपाठी, शैला त्रिपाठी, गौर नामदेव, सरिता नामदेव, रतन नामदेव, छाया नामदेव, रचना नामदेव, सरोज शर्मा, सविता शर्मा, चारुलता सोनी, माधुरी सोनी, गोली सोनी, दुर्गा नामदेव, अनीता सोनी, गोली नामदेव, लक्ष्मी नामदेव, खैरागढ़ की अंजू पांडेय सहित अन्य शामिल हुई।

# जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकर का मानव धर्म संस्था पैलीमेटा के सदस्यों ने उनके कार्यालय में जाकर बुके भेंट कर सम्मान किया। गंडई क्षेत्र से प्रियंका ताम्रकर के जिला पंचायत अध्यक्ष बनने से ग्रामीणों में विकास की नई उम्मीदें जागी हैं।

क्षेत्रवासियों का मानना है कि अब ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास होगा। इसी उत्साह के चलते विभिन्न क्षेत्रों के लोग और संस्थाएं लगातार उनका सम्मान कर रही है। इसी क्रम में पैलीमेटा की मानव धर्म संस्था के सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि से मुलाकात कर



सम्मानित किया। सदस्यों ने उम्मीद जताई कि श्रीमती ताम्रकर के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

इस मौके पर पैलीमेटा के सरपंच कुमार पाल, मानव धर्म संस्था के अध्यक्ष रोशन पाल, सचिव संतोष कुमार, मानपुर पंचायत के रामाधार वर्मा, जनपद सदस्य कांशीराम पोर्ते, खादी उपसरपंच विष्णु राम पटेल, सुनील, संतोष पाल, राजू जंघेल, जगमोहन, अर्जुन पटेल, बोधी साहू, दिनेश एवं प्रहलाद साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# संचार सुविधा बेहाल, 5 जी की मांग

- ग्रामीण अंचल के उपभोक्ता संचार व्यवस्था से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

शहरी क्षेत्र में संचार कंपनियां 5 जी सुविधा उपलब्ध करा रही है पर इस सुविधा से ग्रामीण उपभोक्ता वंचित हैं। ग्रामीण क्षेत्र के संचार उपभोक्ता भी 5 जी सुविधा की मांग कर रहे हैं। छुईखदान एवं गंड़ई के मध्य 20 किलोमीटर की दूरी पर ग्रामीण क्षेत्र में कहीं भी यह सुविधा उपलब्ध नहीं है।

ज्ञात हो कि क्षेत्र में सबसे अधिक जियो के उपभोक्ता अधिक है। इसके बाद एयरटेल, आइडिया, बीएसएनएल के उपभोक्ता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि खराब संचार व्यवस्था को लेकर साल भर से वह परेशान है। नेटवर्क खराबी के चलते मोबाईल उपभोक्ता सहित आनलाईन सेंटर चलाने वाले दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं ने बताया कि महंगा रिचार्ज कराने के बाद वह उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। बीते छ माह से जिओ का नेटवर्क काफी खराब होने के कारण लोग मोबाईल का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि साल भर पहले जीओ कंपनी का नेटवर्क काफी अच्छा था तब मोबाईल उपभोक्ता अपने अन्य कंपनी के सिम को जीओ में बदल दिया था। ग्रामीण क्षेत्र के करीब अस्सी फीसदी लोग इसी कम्पनी के संचार व्यवस्था का उपयोग कर रहे हैं। बीते छह माह से नेटवर्क इतना कमजोर हो गया गया है कि लोगों को नेट उपयोग करने के लिए घर से बाहर या छत पर जाना पड़ता है।

### शिकायत की अनदेखी

उपभोक्ताओं ने बताया कि नेटवर्क खराबी 24 घंटा बने रहती है। कंपनी से कई बार शिकायत किया जा चुका है फिर भी व्यवस्था दुरूस्त नही किया जा सका है। इसी प्रकार की समस्या काल करने पर भी देखा जा रहा है। कई बार मोबाईल नेटवर्क में होने के बाद में भी नेटवर्क के बाहर बताता है। बात करते समय काल कट जाता है। उपभोक्ताओं ने 5 जी सुविधा उपलब्ध कराने कर मांग किया है।

# बदबू से नागरिक त्रस्त, सफाई व्यवस्था बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



नगर पंचायत गंडई द्वारा स्वच्छता को लेकर किए जा रहे दावों की पोल शहर के कई वार्डों में पसरी गंदगी खोल रही है। ताजा मामला वार्ड 9 महामाया पारा जाने वाले मार्ग का है।

यहां सफाई कर्मियों की लापरवाही के चलते स्थिति नारकीय बनी हुई है। सीसी रोड के किनारे चारों ओर कूड़ा-करकट का अंबार लगा है, जिससे मोहल्लेवासी असहनीय बदबू से परेशान हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार वह लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं। कचरे के ढेर के साथ नालियों में भी कूड़ा जमा होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर ओवरफ्लो हो रहा है।मोहल्लेवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चारों तरफ फैले कचरे के कारण पूरे मोहल्ले में दुर्गंध व्याप्त है, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि कचरा का उठाव नहीं होने और नाली की सफाई नहीं होने को लेकर उन्होंने नगर पंचायत में कई बार शिकायत दर्ज कराया लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

### शिकायत की अनदेखी

शिकायतों के बाद भी न कचरा उठाया जा रहा है और न नालियों की सफाई की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि उन्हें केवल आश्वासन देकर टरका दिया जाता है, जबकि जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वार्ड 9 के नागरिक अब नगर पंचायत प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान की मांग कर रहे हैं।

# अध्यक्ष ने साफ करवायी नाली



**डोंगरगढ़।** मुख्य मार्ग की नाली की नियमित सफाई नहीं होने की शिकायत मिलने के बाद पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे एवं स्वास्थ्य विभाग के सभापति डी एकेश राव ने कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर जाम नालियों को खुलवाने के साथ सफाई करवाया। व्यापारियों ने नाली की सफाई नहीं होने, जाम होने के कारण बदबू फैलने की शिकायत किया था। व्यापारियों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पालिका अध्यक्ष ने पहल किया था।

# दलहन- तिलहन की खरीदी 30 मई तक

## किसानों से समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अधिनियम योजना के तहत दलहन तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू किया गया है। कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने बताया कि ब्लाक की सभी सेवा सहकारी समितियों में किसानों की फसल का पंजीयन किया जा रहा है। फसलों की खरीदी सेवा सहकारी समिति गंड़ई द्वारा किया जाएगा। जानकारी अनुसार किसानों से चना 5650,



सरसों 5950 तथा मसुर 6700 रूपए की दर से खरीदा जाएगा। इन फसल की खरीदी आगामी 30 मई तक होगी।

### खरीदी की मात्रा निश्चित

जानकारी अनुसार चना प्रति एकड़ 6 क्विंटल खरीदा जाएगा। इसी प्रकार अरहर, मुंग, उड़द 3 क्विंटल, सोयाबीन 5 क्विंटल, मसुर 2 तथा सरसों प्रति एकड़ 5 क्विंटल खरीदा जाएगा। क्षेत्र में रबी फसल की कटाई मिंजाई अंतिम पड़ाव पर है। योजना के तहत दलहन तिलहन फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी होने से किसानों को उपज का वाजिब दाम मिल पाएगा। भुगतान की राशि दो तीन दिनों में खाते में जमा हो जाएगी। फसलों की खरीदी होने से आने वाले सीजन में इसका रकबा बढ़ेगा।

### समर्थन मूल्य पर विक्रय की अपील

कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग ने क्षेत्र के किसानों से खरीफ एवं रबी की दलहन तिलहन फसलों को सहकारी समिति के माध्यम से हो रहें समर्थन मूल्य पर विक्रय करने की अपील किया है। इससे किसानों को उनके उपज का उचित दाम मिलेगा।



**खबर संक्षेप**



### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत साल्हेटोला के आश्रित ग्राम आमाटोला के आदिवासी पारा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। मुचय अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष खिलेश्वर साहू ने की। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि विष्णु देव साय के सुशासन में विकास की गाड़ी निरंतर दौड़ते रहेगी। उन्होंने मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू की मांग पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा सामुदायिक भवन के लिए 4 लाख स्वीकृत करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर भानबाई मंडावी, गजेंद्र पाल, दूधनाथ मंडावी, देवनाथ साहू, लोखन साहू, वासुदेव विश्वकर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जल संरक्षण के महत्व के प्रति किया जागरुक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने महिला जन-जल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्व जल दिवस पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फरहद में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व एवं इसकी अनिवार्यता के प्रति जागरूक करने महिला जन-जल जागरूकता अभियान के तहत जल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल गुणवत्ता की जांच कर जल को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा रैली निकालकर जल है तो कल है, के संदेश के साथ जल बचाने का संकल्प भी दिलाया गया। उन्हें नल का पानी व्यर्थ नहीं बहाने, वर्षा जल संचयन करने, पानी के दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने और जल को बर्बाद करने वाली आदतों को त्यागने जैसे उपाय बताए गए। इस दौरान जल संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल बहिनी, मितानिन एवं स्वास्थ्य सहायिका को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईएसए टीम मेंबर शैलेन्द्र कुमार, दुष्यंत कुमार, आईईसी को-ऑर्डिनेटर वतन सिंह राजपूत सहित अन्य विभागीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नगर पालिका में 15वें वित्त से स्वीकृत 57 में 44 काम पर लगा ग्रहण

# नब्बे दिन में नहीं बढ़ा पाए नए सीएमओ कदम, करोड़ों रुपए का काम अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के बीस वार्डों में संपत्ति, समेकित कर सहित अन्य सुविधा देने के नाम पर नगर पालिका करोड़ों रुपये का राजस्व वसूली करती है कड़ी मशक्कत के बाद मिले सरकारी पैसों से सुविधा उपलब्ध कराने में फिसड्डी साबित हो रही है। पंद्रहवें वित्त से स्वीकृत 57 मे 44 काम अटका है जबकि यही हाल अधोसंरचना मद को लेकर भी है। 16 अक्टूबर 24 को 55 कामों के लिए दो करोड़ 98 लाख 42 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति मिली। संबंध में 30 अक्टूबर को नगर पालिका ने निविदा प्रकाशन कर 19 नवंबर तक आवेदन जमा करने की मियाद तय किया।

निर्धारित तिथि को टेंडर ओपन भी हुआ लेकिन करते हुए जिसमें 34 कामों मे महज दो कार्य एजेंसियों ने टेंडर जमा किया जिसके चलते उसे निरस्त करना पड़ा जबकि शेष 21 काम मे तीन तीन निविदाकार थे। काम हासिल करने की होड़ मे आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते उन्होने शेष 21 काम को बिलो रेट मे लिया और अब उसमे भी पांच काम अंतर राशि जमा नहीं होने के कारण काम शुरू नही हो पाया है जबकि 16 काम बिलो रेट मे लेने वाले ठेकेदारों ने अंतर राशि जमा कर दी है।




#### बिना पीआईसी को बताए किया निरस्त

इसके अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत सितंबर 24 मे एक करोड़ 31 लाख रूपए जिसमें स्काई लिफ्ट, हाइड्रोलिक, मिनी टिप्पर की खरीदी करनी थी उसका टेंडर 19 सितंबर 24 को निकला, 30 सितंबर तक आवेदन मंगाया। टेंडर भी ओपन हुआ लेकिन जिस कार्य एजेंसी को काम मिला उसने वर्क आदेश जारी होने के बाद भी समय सीमा मे सामग्री नहीं दी जिसके बाद नियमितः उसे बिना पीआईसी की बैठक मे लाकर प्रस्ताव पारित कर निरस्त करना था। नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने अपने आदेश मे स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन बाद ही कार्य का निष्पादन किया जाए लेकिन नपा के जिम्मेदार अधिकारियों ने बिना पीआईसी की जानकारी के ठेकेदार को हटा दिया और अब पता चला है कि उक्त टेंडर अपने चहेते को देने नियम कानून मे ऐसा बदलाव कर दिया है कि चाहते हुए भी कोई आवेदन जमा नहीं कर सकता।

#### सांसद, प्रभारी मंत्री द्वारा स्वीकृत काम भी अटके

मामले में शेष 34 कामों के लिए दोबारा निविदा सुबह जारी हुआ और 26 नवंबर की शाम ही उसे तकनीकी कारण बताते हुए नपा ने निरस्त कर दिया। 3 जनवरी 25 को शेष 34 कामो के लिए तीसरे बार निविदा प्रकाशन हुआ जिसमे 8 नवंबर को शाम पांच बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया लेकिन किसी ठेकेदार द्वारा आवेदन नहीं करने के कारण यह भी निरस्त हो गया। इसके बाद मामला पूरी तरह से अटक गया है और तीन महीने में नगर पालिका के जिम्मेदारों ने कोई कार्रवाई इसमें शुरू नही की है। देखा जाए तो पंद्रहवे वित्त से स्वीकृत 57 मे 44 और अधोसंरचना मद के 55 मे 39 काम मिलाकर शहर विकास संबंधी करोड़ों रुपये के 83 काम पूरी तरह से अटका हुआ है। इसी तरह प्रभारी मंत्री द्वारा 10 जुलाई 24 को स्वीकृत आधा करोड़ के 6 काम के अलावा 27 नवंबर को पंद्रहवे वित्त के अनटाइड फंड से स्वीकृत 20 लाख 24 हजार का छै काम भी ठंड़े बस्ते में है हालांकि 30 कामों का निविदा ठेकेदारों ने रिंग बनाकर ले तो लिया है लेकिन काम कही चालू नही हो पाया है।

## मंदिरों के आसपास रखें सफाई



**राजनांदगांव।** साफ-सफाई का जायजा लेने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने रेवाडीह, गंज मंडी, लखोली, कन्हारपुरी में साफ-सफाई देख जहां मंदिरों के आसपास विशेष सफाई के निर्देश दिए। वहीं गंज मंडी के व्यापारियों से चर्चा कर शहरी क्षेत्र से पकड़कर कांजी हाउस में रखे घुमंतू मवेशियो के खाद्य अपशिष्ट प्रदान करने पर चर्चा की।

आयुक्त विश्वकर्मा सुबह रेवाहीह कांजी हाउस का निरीक्षण कर मवेशियों के चारा-पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से करने तथा मरम्मत करने प्रभारी को निर्देशित किया। गंज मंडी पहुंचकर उन्होंने थोक सब्जी विक्रेताओं से चर्चा कर कहा कि निगम सीमा क्षेत्र के चौक-चौराहों में बैठने व घूमने वाले पशुओं को दुर्घटना से बचाने रेवाहीह एवं कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखते हैं, जहॉ उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जाती है।

उन्होंने कहा कि मंडी से निकलने वाले सब्जी, फल, खाद्य अपशिष्ट को यदि आप दोनों कांजी हाउस में भेजेंगे तो मवेशियों के लिए बड़ी मदद हो जाएगी। सब्जी विक्रेताओं ने आयुक्त को मदद करने सहमति दी। आयुक्त ने गंज मंडी के मुख्य द्वार के पास काम्प्लेक्स में सीमा से बाहर दुकान बनाने पर निर्माण रूकवाने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

#### चारे का पर्याप्त भंडारण के निर्देश

लखोली दुर्गा चौक में सफाई देख हाजिरी रजिस्टर की जांच कर उपस्थिति देखकर कहा कि नवरात्रि को ध्यान में रखकर शीतला मंदिर तथा आसपास के वार्डों के सभी मंदिरों के परिसर की समुचित सफाई करने निर्देशित किया। कन्हारपुरी में साफ-सफाई देख ग्रामीण वार्ड को ध्यान में रखकर हर क्षेत्र में सफाई के निर्देश दिए। साथ ही कांजी हाउस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, चारे का पर्याप्त भंडारण रखने निर्देशित किया।

## समाज गौरव सम्मान से नवाजे गए प्रधानपाठक रामलाल साहू

### प्रधान पाठक के बेहतर कार्यशैली से गांव का नाम रौशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छात्रों व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा ब्लाक के प्राशा कट्टहा नवागॉव प्रधान पाठक रामलाल साहू को विधायक पुरंदर मिश्रा, डीईओ विजय खंडेलवाल, छालीवुड अभिनेत्री जागेश्वरी मढ़रिया मेश्राम, उड़ान नई दिशा के संस्थापक निधी चंद्राकर, परसराम साहू, संस्था संस्थापक संजय कुमार मैथिल द्वारा समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।



रामलाल साहू बेहतरीन नवाचार के लिए नीपा दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट स्कूल प्रैक्टिस कार्यशाला के लिए भी पुरस्कृत हो चुके है। बीते साल मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 उत्कृष्ट प्रधान पाठक भी मिला है। वही जादुई पिटारा, टीएलएम जैसे नवाचार को लेकर जिला प्रशासन भी सम्मानित कर चुका है। सरपंच प्रीतिलता साहू ने कहा कि प्रधान पाठक के बेहतर कार्यशैली से बच्चों के साथ साथ गांव का भी नाम रोशन हुआ है।

शाला विकास समिति अध्यक्ष शीत राम जोशी ने सम्मानित होने पर खुशी जताई है वही बेहतर कार्य के चलते अलग अलग मंच पर रामलाल साहू को सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, एपीसी आत्माराम साहू, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, संकुल समन्वयक धृतेन्द्र सिंह, संकुल प्राचार्य चंद्रभान साहू, नीलम वर्मा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## शासकीयकरण की मांग को लेकर धरने पर बैठे सचिव बजाएंगे नगाड़ा, करेंगे पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासकीयकरण की एकमात्र मांग को लेकर बीते 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर काबिज पंचायत सचिव संघ ने जिला प्रशासन को हड़ताल के चरणों की जानकारी दी है जिसमे 1 से 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर धरना प्रदर्शन बाद 7 अप्रैल को रैली निकालकर कलेक्टर को पीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा जाएगा। 8 अप्रैल को नगाड़ा बजाकर सरकार का ध्यानाकर्षण, 9 अप्रैल को धरना स्थल पर सरकार की सद्बुद्धि के लिए रामायण, 10 अप्रैल को महावीर जयंती के आयोजन बाद 11 अप्रैल से संघ सदस्य क्रमिक भूख हड़ताल पर काबिज होंगे।

- 7 अप्रैल को रैली निकालकर कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

12 अप्रैल को हनुमान चालीसा का पाठ, 14 को संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर की जयंती मनाने के बाद देश की राजधानी नई दिल्ली के जंतर मंतर मे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए सचिव रवाना होंगे। गौरतलब है कि शासकीय करण की एकमात्र मांग को लेकर पंचायत सचिवों का कहना है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण करने का वादा किया था लेकिन सरकार बनने के 480 दिन बाद भी वादा पूरा नही हुआ है। उनकी मांग को मोदी की गारंटी मे शामिल बताया जा रहा है यदि ऐसा है तो लगभग 500 दिन का विलंब क्यों हो रहा है।



#### जिपं अध्यक्ष से मिले सचिव, बताई पीड़ा

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार से मुलाकात कर सचिव संघ ने अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण से अवगत कराते हुए कहा कि सरकार बनने के बाद किए वादे को पूरा करने की उम्मीद उनको थी लेकिन डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी उनके शासकीयकरण को लेकर कोई आदेश जारी नहीं हुआ है। इस मामले मे सरकार ने समिति बनाई है लेकिन रिपोर्ट नहीं आया है और बजट 2025 में भी उनके हितों को नजरअंदाज कर दिया गया है। प्रियंका ताम्रकार ने उनकी मांगों को जायज बताते हुए सीएम और पंचायत मंत्री तक उनकी पीड़ा पहुंचाने का भरोसा दिया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष लोकेश जंघेल लाला जंघेल, निलेश सिंह, हिरेंद्र नागपुरे, झुमुक साहू, खैरागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष जोगेश्वरर धनकर, धुरवकुमार धर्मेंद्र, खुमान यादव, नाजनीन नियाजी, भागवत साहू, प्रेमचंद सेन, सियाराम साहू, नूतन साहू, मिलाप वर्मा, खेलन धुवे, दुलार कोसरे, हेमराज वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, गैंदकुमार वर्मा, रमेश वर्मा, दिगम वर्मा छबि साहु, रोहित जंघेल, मनहरण सेन, भगवती मरावी, राजेंद्र तिवारी, राजू जघेल, परमानंद जघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

## रानी अवंती बाई बलिदान दिवस मना

- वीरांगना से हमें देश प्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के मारूटोला कला मे रानी अवंती बाई लोधी का 168 वॉ बलिदान दिवस विधायक हर्षिता गोस्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधायक कोमल जंघेल की अध्यक्षता मे मनाया गया। विशिष्ट अतिथियों के रूप मे पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ बिशेशर साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेन्द्र त्रिपाठी, पांडादाह सर्किल लोधी समाज अध्यक्ष बालमुकुद वर्मा, पांडादाह भाजपा मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, सरपंच राकेश वर्मा, नरोत्तम निषाद व कोहकाबोड़ लोधी समाज प्रधान कृपाल वर्मा मौजूद थे।



#### रानी की जीवनी पर डाला प्रकाश

कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा की वीरांगना रानी अवंति बाई ने अंग्रेजो को आमने सामने की लड़ाई मे दो बार परास्त किया लेकिन छल कपट के कर उन्होंने रामगढ़ में आक्रमण कर धोखे से रानी को घेर लिया लेकिन रानी ने आत्म बलिदान कर आजादी की लड़ाई में अपनी आहुति दी। पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने रानी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान बड़ी संख्या में लोधी समाज के लोगों के अलावा ग्रामीण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि विघायक हर्षिता बघेल वीरांगना रानी अवंति बाई के बलिदान को याद करते हुए कहा की उन्होने देश के आजादी के लिए सब कुछ न्यौछावर कर दिया और देश के लिए बलिदान हो गईं ऐसी वीरांगना से हमे देशप्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए।

## पालकों से सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने की अपील

**मोहला।** अपार आईडी विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें विद्यार्थी की पूरी शैक्षिक रिकॉर्ड दर्ज होगा। यह विद्यार्थियों के लिए बनाया जाना अति आवश्यक है, क्योंकि अपार आईडी विद्यार्थियों के सम्पूर्ण शैक्षणिक जीवन के लिए महत्वाकांक्षी दस्तावेज होगा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिले के सभी अभिभावकों और पालकों को अपने स्कूली बच्चों का अपार आईडी बनाने की अपील की है। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि ऐसे बच्चे जिनका अपार आईडी अब तक नहीं बना है, पालकगण अपने बच्चों का अपार आईडी अवश्य बनाएं। कलेक्टर ने इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के तीनों विकास खंड के अंतर्गत अब तक अपार आईडी बनाने से छूटे हुए विद्यार्थियों की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि जन्मतिथि अथवा नाम में त्रुटि के चलते कई विद्यार्थियों का अपार आईडी नहीं बन रहा है। कलेक्टर ने इसके लिए शिक्षक और पालकों को आगे आकर आवश्यक संशोधन कर अपार आईडी बनाने निर्देशित की है। कलेक्टर ने वर्तमान में अपार आईडी बनाने में कमी पर जिला शिक्षा अधिकारी और सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जाहिर की है।

#### आधार कार्ड जरूरी

अपार आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड एक आवश्यक दस्तावेज है। आधार कार्ड में त्रुटि के कारण बहुत से विद्यार्थियों का अपार आईडी नही बन पा रहा है। इसके लिए कलेक्टर ने आधार कार्ड में संशोधन, सुधार व अन्य अपडेट करने के लिए पालकों से अपील की है।

## तरूणा बिलासा सम्मान से सम्मानित

**राजनांदगांव।** बिलासपुर में आयोजित बिलासा महोत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका एवं रेलवे सुरक्षा बल की निरीक्षक तरुणा साहू, जो कि वर्तमान में रेल सुरक्षा बल की बतौर थाना प्रभारी राजनांदगांव में पदस्थ है, को उनकी लोककला के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में दिए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए बिलासा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उपमुख्यमंत्री अरुण साव के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया।




इस अवसर पर तरुणा साहू ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और हर्ष का क्षण है कि मुझे अपने राज्य के इतने प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया। मैं यह सम्मान अपने माता-पिता, अपने पूज्य गुरू डॉ. तीजनबाई, अपने परिवार और सभी शुभचिंतकों को समर्पित करती हूं। जिनकी प्रेरणा और आशीर्वाद से इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि वे पंडवानी लोककला को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी और इस विधा में नए प्रयोग कर इसे और अधिक समृद्ध बनाने का संकल्प लेती है।

गौरतलब है कि इस महोत्सव में उनकी द्रौपदी चीर हरण पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रभावशाली अभिव्यक्ति और सशक्त गायन ने पूरे पंडाल को भावविभोर कर दिया। जिससे दर्शकों की आंखे नम हो गई। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी उनके इस योगदान की सराहना करते उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बिलासा सम्मान प्राप्त करने पर कला जगत एवं उनके प्रशंसकों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।




## रोजा के बाद एक दूसरे से गले मिलकर उल्लास से मनाया ईद पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मुस्लिम धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार ईद उल फितर नगर में धार्मिक सदभाव के साथ मनाया गया। महीने भर रोला के बाद ईद मनाया जाता है। रमजान महीने में मुसलमान दिन भर बगैर भोजन-पानी के रोजा रखते है। 30 दिनों का रोजा पूरा होने और ईद की चाँद नजर आने के बाद ईद उल फितर त्यौहार मनाया गया।

पर्व की तैयारी काफी पहले शुरू हो गई थी। ईद के मौके पर सभी छोटे से बड़े लोग नमाज़ की तैयारी में जुट गए थे। सुबह घर पर शिर खुरमा की फातिहा के बाद ईदगाह में नमाज़ अदा की गईं। यहां मुस्लिम जमात के ईमाम हाफिज सरिफुल हक़ ने नमाज़ अदा कराई। सभी समाज के लोगों ने मुस्लिम को मुबारकबाद दिया। इस मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के जिला अध्यक्ष सज्जाक खान, मुत्वल्ली निजमुद्दीन खान, इमरान खान, हाजी युसूफ सोलंकी, शोएब खान, हाजी आज़म खान, शेख इमरान, राज सोलंकी, इशाक भाई, मकबूल खान, रेहान बाबा, अफसर खान, आशु खान, इब्राहिम खान, शेख रसीद, हबीब खान, सोहैल खान, आसिफ खान, आदिल खान, अफरीदी खान, शेख समीर खान, अब्बास खान, अनस खान, अयान खान, लारेब खान, मो अर्श, मो रियाज, मो आज़म, सारिक खान, मो असद, आयुष खान, अक्स खान, फैजान खान, ओवेश खान, दानिस खान आदि मौजूद थे।



#### ईद की दी मुबारकबाद



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी लालूटोला में आयोजित मिलन समारोह में शामिल हुई। उन्होंने इस दौरान मुस्लिम समाज की समस्याओं को सुना और निदान करने की आश्वासन दिया। इस मौके पर गोदावरी निषाद, तिलकाबाई, चतुरपाल, रोशन खान, इब्राहम खान आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## सार समाचार

### संसार का स्वरूप क्या है - सुश्री धामेश्वरी देवीजी

**राजनांदगांव।** स्टेट हाईस्कूल मैदान में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के आठवें दिन जगद्गुरुत्तम श्री कृपालु जी महाराज की प्रमुख



प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवीजी ने वेदों के अनुसार संसार के स्वरूप को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि वास्तव में दो प्रकार का संसार होता है। एक भीतर का संसार, दूसरा बाहर का संसार। कुछ ज्ञानी लोग कहते हैं कि संसार मिथ्या है और कुछ कहते हैं कि संसार सत्य है यह दोनों बातें वेदों शास्त्रों के अनुसार सही सिद्ध हो जाती है। वास्तव में हमारे मन में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि माया के विकार होते हैं। साथ ही मन सतोगुणी, रजोगुणी और तमोगुणी, तीन तरह की माया के अधीन रहता है इसी कारण हमारे मन के विचार प्रतिक्षण बदलते रहते हैं और यही कारण है कि संसार में किसी की किसी से नहीं पटती अर्थात विचारों में आपसी मतभेद रहता है। यह भीतर का संसार हमारे लिए ज्यादा खतरनाक होता है, क्योंकि जैसे मानसिक विचार होते हैं वैसे ही व्यक्ति की प्रवृत्तियां हो जाती है कोई सतोगुणी, कोई रजोगुणी तो कोई तमोगुणी दिखाई पड़ता है। इसके विपरीत बाहर का संसार हमारे भौतिक शरीर को चलाने के लिए ईश्वर द्वारा बनाया गया है। बाहरी संसार सत्य है, क्योंकि वह सदैव समान बना रहता है पंचतत्व का हमारा शरीर, पंचतत्व के बने इस सत्य संसार से ही ठीक ठीक चलता है। देवीजी ने बताया कि कोई भी संसारी विचार मन में आते ही मन को वहां से हटाकर तुरंत भगवान में लगाना है। संसार से मन हटाना और भगवान में मन लगाना, निरंतर इसका अभ्यास करना होगा, तभी अनादिकाल से संसार में आसक्त मन धीरे-धीरे भगवान में लगने लगेगा और वास्तविक गुरु की कृपा से मन पूर्ण रूप से भगवान के शरणागत हो जाएगा। संसार के स्वरूप का वेद शास्त्र आधारित और भी विवरण आगे प्रवचन में बताया जाएगा। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 8 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक होगा।

### होली मिलन समारोह, समाज से अध्यक्ष बनाने की मांग

**राजनांदगांव।** बाला बाबा मंदिर सोनारपारा में छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के जिला एवं मंडल के समस्त पदाधिकारियों का होली मिलन



समारोह कार्यक्रम 30 मार्च को किया गया। होली मिलन के अवसर पर भगवान बालाजी की पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना पश्चात होली मिलन मनाया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव लिया गया। पूर्व में पूर्व मुख्यमंत्री, विस अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे से मिलकर समाज के पदाधिकारियों ने मांग पत्र सौंपकर राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष पद के लिए अध्यक्ष वैष्णव समाज के सदस्य को बनाने की मांग की गई थी। समाज लंबे अरसे से मांग करते आ रहे हैं। सरकार से मांग करते हैं कि वैष्णव समाज के जनभावनाओं का सम्मान करते वैष्णव समाज से राजगामी संपदा का अध्यक्ष एवं सदस्य बनाने की मांग की है। कार्यक्रम में देव कुमार निर्वाणी, संतोष वैष्णव, शिवकुमार वैष्णव, संदीप वैष्णव, चंद्रशेखर वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, दिग्विजय वैष्णव, अनूप दास वैष्णव, जागेश्वर दास, तजेंद्र दास, मेघदास वैष्णव, भागवत दास, तुलसी दास, मनोज निर्वाणी, नीरज वैष्णव, जगमोहन दास, सीताराम वैष्णव, गोवर्धन दास, बिहारी दास, चेमन दास, हिमांशु वैष्णव एवं बड़ी संख्या में वैष्णवजन उपस्थित रहे।

### पाताल भैरवी मंदिर में आज विशेष पूजा

**राजनांदगांव।** बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र 30 मार्च को प्रारंभ हुए चैत्र नवरात्र पर्व पर माता की ज्योति सहित 2100 श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित की गई। चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी कल 2 अप्रैल को मां पाताल भैरवी सहित समस्त देवी-देवताओं का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया जाएगा। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। इस बार माई ज्योत, गुरु की ज्योत, हनुमानजी व मां राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या की ज्योति कलश के साथ ही 2100 ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित किए गए हैं।

कल 2 अप्रैल को पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित दस महाविद्या शिव शंकर भोलेनाथ, हनुमान महाराज, गणेश महाराज व श्री बर्फानी दादा का अभिषेक पूजन कर विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही ज्योत ज्वांरा का भी पूजा-अर्चना व श्रृंगार किया जाएगा। माता के दरबार में श्री यंत्र पर आधारित यज्ञ शाला में महाअष्टमी हवन 05 अप्रैल को संध्या 6 बजे से संस्था के सदस्यों एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा। 6 अप्रैल को रामनवमी अवसर पर प्रातः कुंवारी कन्याओं एवं बटुकनाथ का विशेष पूजन व अर्चना कर कुंवारी कन्या भोजन कराया जाएगा। तत्पश्चात माता की विशेष महाआरती, श्रीराम जन्मोत्सव के पश्चात माता की ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया जाएगा।

### आजक्स की सामान्य सभा की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन पंजीयन क्रमांक 10/2001



अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संगठन (आजक्स) की 30 मार्च को आयोजित सामान्य सभा की बैठक में पूर्व निर्धारित योजनानुसार स्थान सामुदायिक भवन आदिवासी हल्बा समाज के सभागार में निवर्तमान अध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे और आजक्स कोर समिति द्वारा आजक्स जिला इकाई राजनांदगांव के नए अध्यक्ष सहित मुख्य पदाधिकारियों का निर्वाचन सर्वसम्मति एवं लोकतांत्रिक पद्धति से कराया गया है। उक्त जानकारी देते नवनिर्वाचित जिला सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी ने बताया कि इसमें जिला अध्यक्ष के लिए युवा साथी डेविड कुमार भुआर्य, जिला उपाध्यक्ष के लिए भूषण कुमार भुआर्य, अमिताभ दुफारे, जिला सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी, जिला सह-सचिव प्रशांत सुखदेवे, जिला कोषाध्यक्ष खेमलाल देशलहरे, जिला संरक्षक लेखराम मात्रा, मेघनाथ भुआर्य सहित ब्लॉक अध्यक्ष राजनांदगांव के लिए उपेन्द्र कुमार रामटेके आदि अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि जिला कार्यकारिणी सहित अन्य जिला स्तरीय और सभी ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारियों का निर्वाचन भी किया जाना है। इस बैठक में शामिल सदस्यों में सिद्धार्थ चौरे, मेघनाथ भुआर्य, राजेश कुमार नागदेवे, प्रशांत सुखदेवे, भूषण कुमार भुआर्य, विरेन्द्र कुमार रंगारी, लेखराम मात्रा, भीषम ठाकुर, अमिताभ दुफारे, पुरुषोत्तम रामटेके, विजय कुमार ध्रुवे, राजूलाल कौशिक, भूपेंद्र कुमार कांडे, रिक्की कुमार सहारे, बीएन धनगुण, देवसिंह अमेला, शीतल कुमार टंडन, रितेश कुमार रंगारी, उपेन्द्र कुमार रामटेके, डेविड कुमार भुआर्य, कपूरचंद डोंगरे, खेमलाल देशलहरे, राजेश नागदेवे, विनोद मेश्राम सहित बड़ी संख्या में अन्य सदस्यगण मौजूद रहे। सभी नवनिर्वाचित युवा साथियों को सभी सक्रिय एवं जुझारू साथियों ने तिलक

## कलेक्टर ने लोगों की सुनी समस्याएं व शिकायतें

# हितग्राहियों को करें लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दूरस्थ स्थानों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना।

कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



#### मूलभूत आवश्यकताओं व योजनाओं से लाभान्वित करने मिले आवेदन

कलेक्टर अग्रवाल से साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में ग्राम खैरझिटी के ग्रामीणों ने पेयजल के लिए नल-जल योजना के अंतर्गत पाईप विस्तार कराने आवेदन किया। ग्राम नवागांव निवासी कमलेश प्रजापति ने राशन कार्ड प्रदाय करने, एलबी नगर के ग्राम रामपुर निवासी जीधनलाल सिन्हा ने ऑनलाइन रिकार्ड में बी-1, नक्शा, खसरा में नाम सुधार कराने, छुरिया के ग्राम बेलरगोंदी निवासी यशोदाबाई ने दानपत्र के निष्पादन हेतु भूमि का नजरी नक्शा प्रदान करने आवेदन किया। जनदर्शन में नया राशन कार्ड बनाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, राजस्व अभिलेख को दुरूस्त करने, अतिक्रमण हटाने जैसी मूलभूत आवश्यकताओं एवं गांव के विकास के लिए तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए।

## शिविर में किया रक्तदान




**राजनांदगांव।** भक्त माता कर्मा जयंती पर बजरंगपुर-नवागांव में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 37 युवाओं व 8 महिलाओं ने रक्तदान किया। साहू समाज द्वारा छात्र युवा मंच नागेश यदु के मार्गदर्शन में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रयास से किया गया। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के मेडिकल टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। रक्तदान शिविर में नीलमणी साहू, कामता साहू, कोमल साहू, युवराज साहू, नागेश यदु, नोहर साहू, हितेन्द्र साहू, रूपेन्द्र साहू, भरत साहू, राकेश साहू, नूतन साहू, डोमन साहू, विनय साहू, मोजेश साहू, नरेश साहू, सचिन साहू, पूनमचंद साहू, कौशल साहू, गिरेन्द्र साहू, ढालेश साहू, कौशल साहू, अनवीश साहू, राहुल साहू, मनीष साहू, प्रमोद साहू, खिलेन्द्र साहू, धर्मेन्द्र साहू, कुलेश्वर साहू, लतेल साहू, पार्थ वैष्णव, नरेश साहू, हितेश साहू, रूपलाल साहू, खिलेन्द्र साहू, माया देशमुख, दीपा साहू, प्रमिला साहू, राजेश्वरी साहू, जागृति साहू, भुनेश्वरी साहू, लीला साहू, सुरूची साहू व सोनम साहू ने रक्तदान किया। सभी रक्तवीरों ने मेडिकल टीम एवं सहयोग प्रदान करने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने में नागेश यदु, फनेन्द्र जैन, रक्तदान शिविर प्रभारी लेखराम साहू, रूपचंद साहू, युवराज साहू, भुनेश्वर साहू, राकेश साहू, मानसिंग साहू, कुलेश्वर साहू, हिमांचल प्रफुल्ल साहू, शशि साहू, रोशन साहू, जानकी साहू, प्रमिला साहू, टीकु साहू का विशेष योगदान रहा।

## आरसीए ने भिलाई को 105 रन से हराया

**राजनांदगांव।** कमला कॉलेज मैदान में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा में आरसीए ने नायडू क्रिकेट एकेडमी भिलाई को 105 रन से हराया। आरसीए के कप्तान उज्जवल दीवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। ओपनिंग जोड़ी में रूद्रप्रताप सिंह एवं उज्जवल दीवान पहला विकेट जल्दी गिर गया। रूद्रप्रताप ने 15 रन बनाकर प्रतीक सिंह ठाकुर बोल्ड हो गए। क्रमशः उज्जवल दीवान 79 रन, जोया खान जीरो, अनवी मोहता जीरो रन, अनन्या शाह जीरो व दिव्यांशु तुमकरे 100 रन बनाकर रिटायर हेड किया गया। अब्राहम 17 रन, पूरी टीम 35 ओवर खेलकर 309 रन 9 विकेट में बनाया। एक्स्ट्रा 49 रन प्राप्त।

नायडू क्रिकेट एकेडमी की ओर बॉलिंग करते शिवम सेवन ई तीन विकेट, इशान प्रजापति एक विकेट, प्रतीक सिंह 2 विकेट, विश्वदीप साहू 2 विकेट। भिलाई नायडू की ओपनिंग जोड़ी में विश्वदीप साहू, शस्त्रांश पहला विकेट जल्दी 15 रन के योग में हर्ष द्वारा बोल्ड किया गया। क्रमशः ईशान चौबे 28 रन, शिवम सेवन ई 64 रन, प्रांसुल 11 रन व पूरी टीम 30 ओवर में ऑल आउट होकर 204 रन बनाई। हर्ष उइके 2 विकेट, राहुल 2 विकेट, यावेश 4 विकेट, उज्जवल दीवान 2 विकेट लिया। एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आईपीएल प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अंतु करांडे, शोभा चोपड़ा एवं उपरोक्त चयन होने पर सभी को शुभकामनाए दी। उक्त जानकारी आरसीए के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

## अफसरों के संरक्षण में चल रही थी अवैध बाटलिंग यूनिट

- पत्रकारवार्ता में कांग्रेस ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ क्षेत्र के समीप ग्राम करवारी में अवैध शराब की बॉटलिंग यूनिट के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में नई शराब दुकानें खोले जा रहे हैं। वहीं अवैध शराब पर छत्तीसगढ़ का लेबर लगाकर बॉटलिंग यूनिट चलाई जा रही है और सरकार इस पर कार्रवाई भी नहीं कर रही।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम करवारी के एक फार्म हाऊस में शासन-प्रशासन की नाक के नीचे अवैध शराब की बॉटलिंग यूनिट चलाई जा रही थी। यहां नकली होलोग्राम व स्टीकर का उपयोग कर जहरीली अवैध शराब परोसा जा रहा है। अपने एजेंट, कोचियों के माध्यम से खुलेआम शराब बिक्री की जा रही है। नकली होलोग्राम व स्टीकर लगाकर संचालित इस यूनिट में आबकारी विभाग की संलिप्तता है। यह एक प्रश्न




चिन्ह है कि इनकी प्रिंटिंग व सप्लाई कहां से हुई, कौन-कौन संलिप्त है। विभाग ने संज्ञान क्यों नहीं लिया, इस पर जांच होनी चाहिए।

**पकड़ाई अवैध शराब**

कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि थाना से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर अवैध शराब बॉटलिंग यूनिट लगातार चल रही थी, जहां 28 लाख की अवैध शराब वर्तमान समय में पकड़ाई है।

#### शराब दुकान चिंता का विषय

कांग्रेस सरकार के समय शराबबंदी का नारा लगाने वाले आज प्रदेश में 67 नई शराब दुकानें खोल रहे हैं। 5 दुकान राजनांदगांव जिले में ही खुल रही है, जो निंदनीय और चिंता का विषय है।

#### फरार होने का मौका दिया

रोहित नेताम उर्फ सोनू सत्ता पक्ष के बड़े रसूखदार नेताओं के संरक्षण में यह यूनिट संचालित कर रहा था। रोहित नेताम को रेड पड़ने के पहले ही फरार होने का अवसर देकर बचाने का प्रयास एवं मामला को रफा-दफा करने में विभाग पूरी तरह भूमिका निभा रहा है। रोहित नेताम का उपयोग एक मोहरा के रूप में किया जा रहा है।

#### पानी और स्प्रीड मिलाई जा रही थी

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि अवैध शराब की इस बॉटलिंग यूनिट में पानी और स्प्रीड मिलाकर अमानक रूप से जहरीली शराब बनाकर बेचा जा रहा था। यह कार्य आबकारी विभाग के बिना संरक्षण के संभव नहीं है। इस घटना में विभागीय कर्मचारी उज्जवल क्षेत्रीय आबकारी अधिकारी और कुंजबिहारी लोकेशन अफसर की भूमिका संदिग्ध है। जिला आबकारी अधिकारी के बल पर ही यह कार्य सम्पादित किया जाना प्रतीत होता है।

## पदयात्री सेवा पंडाल का शुभारंभ

**राजनांदगांव।** नवरात्र के महापूजन अवसर पर श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में मां बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा पंडाल का उद्घाटन किया गया। आरंभ विधिवत रूप से कन्याओं व समाज एवं धर्मसेवियों द्वारा पूजन महाआरती द्वारा किया गया।

उक्त जानकारी देते आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, राकेश ठाकुर, आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, मधु खंडेलवाल, राजेश शर्मा, योगेश साहू, विजय गुप्ता व सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि महाआरती पूजन के पूर्व पूजा गुप्ता, किरण अग्रवाल, कांति मौर्य, अनिता जैन व अन्य द्वारा माता के श्लोकों व भजनों से मां नवदुर्गा को स्थापित होने का आह्वान किया गया।

देवी स्वरूपी कन्याओं तथा समिति के संरक्षक डॉ. डीसी जैन, शारदा तिवारी, सोहन गुप्ता, रामावतार जोशी समेत राजेश शर्मा, अमलेंदु हाजरा, शैलेन्द्र तिवारी, अजय गुप्ता, दिनेश अग्रवाल,



अशोक लोहिया, महेन्द्र सुराना तिवारी, हेमंत खंडेलवाल, अमलेंदु हाजरा, हरजीत भाटिया, राधेकृष्ण गुप्ता, कैलाश हुंका, अलका, अनिता जैन, किरण अग्रवाल, आशा गुप्ता, अन्नू गुप्ता, किरण अग्रवाल व अन्य द्वारा मां नवदुर्गा व मां बम्लेश्वरी की विधिवत पूजा-अर्चना पश्चात महाआरती कर पदयात्री सेवा पंडाल का उदघाटन किया गया।

हिन्दू नववर्ष भी श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में मनाया गया। आयोजन समिति में इस वर्ष पुरूष वर्ग का अध्यक्ष भावेश अग्रवाल (गंगई) तथा महिला मंडल की अध्यक्ष पुनः मधु खंडेलवाल को सर्वसम्मति से बनाया गया। शेष कार्यकारिणी यथावत रखी गई है। उक्त पदयात्री सेवा पंडाल के आरंभ व हिन्दू नववर्ष के अवसर पर रूपनारायण गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, संपत गुप्ता, अक्षय रोवे, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, विनय गुप्ता, प्रांजल गुप्ता, कांति मौर्य, श्यामा गुप्ता, हरि गुप्ता, राज गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल, यशोदा गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, प्रमिला डेकाटे, संध्या तिवारी, सौरभ गुप्ता व अन्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता व सौरभ गुप्ता ने दी।

## ईद मिलन समारोह में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोतीपुर रामनगर क्षेत्र स्थित मदरसा गुलशने रजा में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम अध्यक्ष तोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, वार्ड नं. 7 की पार्षद तृप्ति शांति पात्रे, वार्ड नं. 8 के पार्षद मनोहर यादव, जमा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष रईस अहमद शकील, मोहम्मद इब्राहिम और समज सेवी मदन यादव शामिल हुए।

ताज नगर, रामनगर स्थित मदरसे में आयोजित इस ईद मिलन समारोह के अवसर पर समाज के लोग एकजुट हुए और एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। वही इस दौरान सेवई और लंगर का आयोजन भी किया गया था। ईद मिलन समारोह के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने निर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। ईद मिलन समारोह के इस आयोजन अवसर अवसर पर मदरसा गुलशने रजा कमेटी के नासिर खान, रज्जाक खान, शेख सुलेमान, निजाम खान साहित बड़ी संख्या में समाज की महिला पुरुष शामिल हुए।



#### महापौर ने दी शुभकामनाएं

ईद मिलन समारोह में पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव ने समाज के लोगों को ईद पर्व की बधाई देते कहा समाज के इस भवन के लिए पूर्व में हमारी सरकार ने राशि स्वीकृत की थी। आगे भी जो बाउड्रीवाल का काम बचा है। उसे भी पूरा करेंगे। वहीं उन्होने रामनगर वार्ड में मदरसा रोड की जर्जर सड़क को लेकर कहा कि जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरी करेंगे।

#### सामाजिक एकता की परम्परा

शहर जामा मस्जिद के सदर रईस अहमद शकील ने ईद मिलन समारोह के आयोजन को लेकर कहा कि यह मदरसा कमेटी काफी एक्टिव है और छोटे छोटे आयोजनों के माध्यम से समाज को लोगों को एकजुट करती है। वहीं उन्होने कहा कि हम संस्कारधानी के लोग है और एक दूसरे के त्योहारों पर बधाई देते है। यह परम्परा कायम रहना चाहिए।

## मंदिरों में भक्तों की भीड़, पदयात्रियों का आगमन

# पंचमी आज, देवी माता का होगा विशेष श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल है। पर्व के तहत कल 2 अप्रैल को पंचमी मनाया जाएगा। इस दौरान देवी माता एवं ज्योत जंवारा का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना के इस पर्व पर मंदिरों में भक्तों की भीड़ बनी हुई है। वहीं डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी के दर्शन करने हेतु बड़ी संख्या में भक्तों का पैदल जत्था पहुंचने लगा है।

ज्ञात हो कि चैत्र नवरात्र पर्व 30 मार्च से प्रारंभ हो चुका है। इस दौरान देवी मंदिरों सहित कई घरों में भी आस्था के जोत प्रज्वलित किए गए हैं एवं सुबह-शाम विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। कल 2 अप्रैल को पंचमी पर्व मनाया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है। पंचमी के अवसर पर देवी माता का विशेष श्रृंगार, जोत जंवारा का विशेष श्रृंगार के साथ ही विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। पर्व पर देवी मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी हुई है। माता के जयकारों की गूंज से भक्तिमय माहौल बना हुआ है।



#### विविध धार्मिक आयोजन

चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर मंदिर प्रांगण में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। कल बुधवार को पंचमी पर्व को देखते हुए बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानों में लोगों ने पूजा सामग्रियों की खरीदी की। पर्व पर अंचल में श्रद्धा भक्ति का माहौल निर्मित है।

#### डोंगरगढ़ पहुंचने पदयात्रियों का जत्था

इधर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में पूजा-अर्चना एवं दर्शन करने हेतु बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बनने लगी है। श्रद्धालु विभिन्न साधनों से डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। यहां सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति बन रही है। आसपास के शहर सहित ग्रामीण अंचल के अलावा दूर-दराज से पदयात्रा करते हुए डोंगरगढ़ पहुंचने वाले भक्तों का जत्था भी पदयात्री मार्ग में दिखलाई पड़ने लगा है। पदयात्रियों की संख्या दिन में कम और शाम होते ही बढ़ने लगी है। पदयात्री मार्ग ग्रामीण इलाकों में पदयात्रियों के आगमन से दिन-रात चहल-पहल का माहौल निर्मित है।



**खबर संक्षेप**

## नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भावगत महापुराण कथा आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** सहसपुर लोहारा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटकुंडेरा में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 1 अप्रैल से 9 अप्रैल तक आयोजित की गई है। जिसमें 1 अप्रैल मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा कलश रैली निकालकर नगर भ्रमण किया गया व वेदी पूजन, गौकर्ण महात्म्य के साथ आयोजित की गई। इस नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में ग्रामीणों व भक्तजनो को भागवताचार्य आचार्य छत्रपाल तिवासी पं जनार्दन प्रसाद तिवारी के कृपा पात्र शिष्य द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। वहीं परायणकर्ता पं दिनेश प्रसाद तिवारी व ग्रामचार्य पं केशरी शरण तिवारी एवं मुख्य यजमान श्रीमती रिना सरोज कौशिक विराजमान है। ग्राम भाटकुंडेरा में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से ग्रामीणों में भारी भक्तिमय का माहौल तथा कथा सुनने भक्तों व ग्रामीणों की भीड़ उमड़ रही है।

**बैठक :** गौ-माता के संरक्षण, संवर्धन के लिए जिले में तेजी से हो रहा गौ-अभ्यारण्य का निर्माण

# कलेक्टर ने गौ-अभ्यारण्य निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गौ-माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कबीरधाम जिले में गौ-अभ्यारण्य का निर्माण किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से इस दिशा में प्रशासनिक स्तर पर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम जैतपुरी-सरेखा में भूमि चिन्हांकित कर ली गई है और अब निर्माण कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गौ-अभ्यारण्य निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जिला पंचायत सीईओं, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, मुकेश रावटे, बोड़ला एसडीएम सुश्री रूचि शार्दुल, उपसंचालक पशु चिकित्सा विभाग श्री मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि गौ-अभ्यारण्य योजना शासन की प्राथमिकता में है, इसलिए इसे समय-सीमा के भीतर पूरा करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य को शीघ्रता से पूरा करने के लिए समन्वय स्थापित करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अपील की कि वे स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करें और इस योजना में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों में तेजी लाएं और सुनिश्चित करें कि कोई बाधा न आए। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि सबसे पहले गौ-अभ्यारण्य के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, इसके लिए सीपीटी निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही बाहरी फेंसिंग का कार्य भी निरंतर जारी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाहरी सुरक्षा कार्य पूर्ण होने के बाद अंदर के निर्माण कार्यों को सुगमता से किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीपीटी निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए और इसके लिए आवश्यकता पड़ने पर तहसीलदार, आरआई, पटवारी और पुलिस टीम मौके पर उपस्थित थें।

### कार्यों की निगरानी, समन्वय के लिए जिला स्तरीय एक टीम गठन के निर्देश




कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि गौ-अभ्यारण्य के संचालन के लिए पानी की उचित व्यवस्था अनिवार्य है। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कुएं और बोर-खनन के कार्य किए जाएं। इसके अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कार्यो की निगरानी और समन्वय के लिए जिला स्तरीय एक टीम के गठन के निर्देश दिए हैं। इस टीम में एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। यह टीम नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करेगी और समय पर निर्माण कार्य पूरा करने में सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि गौ-अभ्यारण्य निर्माण कार्य के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है और इसके शीघ्र पूरा किया जाए। यह अभ्यारण्य गौ-माता के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा जिले के लिए एक आदर्श योजना बनेगा। कलेक्टर ने कहा कि गौ-अभ्यारण्य को सिर्फ एक संरक्षित स्थान तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत चारा भंडारण केंद्र, पशु चिकित्सा इकाई जैसे अनेक निर्माण किया जाएगा। इस योजना में गौवंश की देखरेख और पालन-पोषण की समुचित व्यवस्था की जाएगी।




## ग्रापं दौजरी में ताला लटकने से कई काम-काज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत दौजरी के ग्राम पंचायत भवन पंचायती राज के सदन में ताला लटके होने से ग्रामीण को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में पंचायती राज चुनाव होने के बाद नव-निर्वाचित सरपंच व उप सरपंच तथा पंच पद पर सचिव ने पंचायती राज के सदन में शपथ ग्रहण तो कराया गया, लेकिन कार्यभार नहीं मिल पाई है।

जिससे पंचायत भवन में ताला लटके होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए इधर उधर भटकने मजबूर है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवक, मनरेगा सहित अनेकों कार्य नियमित रूप से संचालित होते हैं। ग्रामीणों को भी छोटी-छोटी अनेक प्रकार की समस्याएं होती है। जिसके निराकरण के लिए पंचायत को जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं शासन प्रशासन की महत्वकांक्षी योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, गैस सिलेंडर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, आय प्रमाण पत्र, जाति, निवास व निराश्रित पेंशन तथा विधवा पेंशन से लाभ नहीं मिलने की शिकवा-शिकायता ग्राम पंचायत में किया जाता है लेकिन ग्राम पंचायत दौजरी में ताला लटकने से जनहित कार्य सहित कई कार्य ठप हो चुके हैं। जिससे ग्रामीणों व रहवासियों को भारी दिक्कते व परेशानियो को सामना करना पड़ रहा है।

# आधुनिक व वैज्ञानिक तरीके से कृषि-कार्य अपना रहें किसान

■ अच्छी पैदावारी से बढ़ी किसानों की आय

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों आधुनिक व वैज्ञानिक तरीके से खेती-किसानी कार्य कर रहे है। वैज्ञानिक व आधुनिक युग में नई-नई खोज और आविष्कार से कृषि के क्षेत्र मे क्रांति आई है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र के किसान वैज्ञानिक आधुनिक तरीके से खेती-किसानी कार्य में जुटे हुए है।

साथ ही साथ अच्छी पैदावार कर खासा आमदानी अर्जित कर रहे है, जिससे ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले के विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दौजरी किसान राहुल चंद्रवंशी ने बताया कि वहीं अपनी 10 एकड़ खेत में एक फसल नहीं बल्कि कई फसलों का पैदावार कर अच्छी आमदानी अर्जित कर रहे है वहीं ग्रामीण किसान एक ही फसलों पर निर्भर नहीं है बल्कि अन्य राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों की तरह एक ही खेतों में अनेक प्रकार की फसलों साग-सब्जी जिसमें कद्दू, प्याज, टमाटर, बैगन, भिंडी, बरबटी, आलू, मूंगफली, हल्दी, सेमी व फल केला, पपीता, करेला साथ ही कई अन्य फसले भी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कद्दू थोक में 6 किलो मे किसान बेच रहे हैं और वही चिल्हर में कोचिया 20 से 30 रुपए में बेच रहे हैं, और सब वैज्ञानिक व आधुनिक तरीके अपना कर अच्छी पैदावार कर रहे है।



### प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा राजपूत हुई सम्मानित




**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत प्राथमिक शाला सुरजपूरा प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा राजपूत को उनके द्वारा किए गए समाज कल्याण, नशामुक्ति, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, कला संसकृति, साहित्य लेखन, शिक्षा में उत्कृष्टता, पर्यावरण संरक्षण तथा अन्य उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा 31 मार्च को रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया, इस पर शाला के सभी शिक्षक तथा ग्रामवासीयों के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. इं पंजी 202503082200035 /अ 20 (1), वर्ष-2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रजनीश कुमार निषाद पिता जुठेलराम साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-15 डी भू खण्ड क्रं. 227 क्षेत्रफल 28.00 व.मी. जो नजूल जांच पंजी में पतोला बाई ध.प. गौहान खां मुसलमान साकिन कवर्धा के नमा पर दर्ज है। पतोला बाई द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 12.04.1990 को क्रेता दुखुराम को विक्रय किया गया पश्चात दुखुराम द्वारा अंपजीकृत दानपत्र नोटरी जुठेलराम निषादा यानि अपने भांजे को दान किया गया। जुठेल राम की मृत्यु दिनांक 16.11.2022 को हो जाने के कारण जुठेल के पुत्र आवेदक रजनीश द्वारा वारिसान हक से वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 11/4/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नही किया जायेगा। आज दिनांक 28/3/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 28/03/2025
पेशी तिथि - 11/05/2025

(मुहर) नजूल अधिकारी कबीरधाम

## छत्तीसगढ़ सरकार किसानों की समृद्धि के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता प्रदान कर रही : ईश्वरी साहू




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कृषि विज्ञान केन्द्र कवर्धा में आदिवासी कृषकों के आजीविका संवर्धन के लिए समन्वित कृषि प्रणाली की स्थापना पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत ईश्वरी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह परियोजना राष्ट्रीय पशुरोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान, बेंगलुरू द्वारा वित्त पोषित है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि के साथ-साथ पशुपालन, बकरी पालन, मुर्गीपालन, सब्जी उत्पादन, वर्मीखाद उत्पादन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देना है। इन सभी गतिविधियों को अपनाकर कृषकों को वर्षभर निरंतर आय प्राप्त होती है और कृषि के उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग किया जा सकता है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने कृषकों को संबोधित करते हुए समन्वित कृषि प्रणाली अपनाने की सलाह दी और राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषक हितैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन कृषकों की समृद्धि के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत सहायता प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर डॉ बीपी त्रिपाठी, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा ने समन्वित कृषि प्रणाली के लाभ और कृषि विज्ञान केन्द्र की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कृषकों को इस योजना के लाभ और अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के हाथों से कृषकों को उन्नत नस्ल की बकरियां, सब्जी के कीट, कड़कनाथ मुर्गा और बटेर के चूंजे वितरित किए गए। डॉ प्रशांत सागर शर्मा पशुचिकित्सा सहायक शल्यज्ञ ने बकरी और मुर्गीपालन के तकनीकी पहलुओं से कृषकों को अवगत कराया। कार्यक्रम में निदेशक, अटारी, जोन-9, जबलपुर, डॉ एसआरके सिंह एवं निदेशक प्रसार, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, डॉ एसएस टुटेजा ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर कृषकों को संबोधित किया। कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत स्थापित पशुपालन इकाई, कड़कनाथ पालन इकाई, बटेर पालन, मछली और बत्तख पालन इकाई का भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें इन गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

## कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश




■ विभागीय कार्यों में अधिक गंभीरता बरतने की हिदायत दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा बैठक शासन की प्राथमिकताओं और विकास कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करने का महत्वपूर्ण मंच है, इसलिए इसमें सभी विभागों की पूर्ण भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी जिला अथवा कार्यालय प्रमुख को किसी कारणवश बैठक में उपस्थित होना संभव न हो, तो वह अपनी ओर से पूरी जानकारी के साथ अधिकृत प्रतिनिधि को भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में वन विभाग के किसी भी प्रतिनिधि की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और विभागीय कार्यों में अधिक गंभीरता बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की सुचारु प्रगति के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में जिले में स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने मिनी स्टेडियम निर्माण की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 24 मिनी स्टेडियम स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 15 ग्रामों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। वहीं सूरजपुरा और खड़ौदा खुर्द में वन भूमि की स्वीकृति के अभाव में स्थल चिन्हांकन लंबित था, लेकिन अब वन विभाग से स्वीकृति प्राप्त हो गई है, जिससे जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। कलेक्टर ने इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं का विस्तार हो सके और युवाओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने के अधिक अवसर मिलें।

बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा के दौरान धरती आभा योजना की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। यह योजना किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सतत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चलाई जा रही है, जिसमें सौर ऊर्जा आधारित पंप, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और कृषि कार्यों में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का उपयोग शामिल है।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धरती आभा योजना के तहत जिले में स्थापित किए जा रहे सोलर पंप एवं अन्य ऊर्जा समाधान परियोजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों को सिंचाई में आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ ऊर्जा खर्च को कम करने में सहायक होगी, जिससे कृषि उत्पादकता भी बढ़ेगी। जिले में योजना के तहत अब तक कई सोलर पंप स्थापित किए जा चुके हैं, और शेष कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**उप मुख्यमंत्री, पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री के सतत प्रयासों से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित**

# नरेगा योजना में कबीरधाम प्रदेश में अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा के लगातार प्रयासों का सुखद परिणाम जिले को मिलने लगा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन में कबीरधाम जिले ने पूरे प्रदेश में फिर से अपना परचम लहराया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक परिवारों को रोजगार देने, सर्वाधिक मानव दिवस का रोजगार सृजन करने, सर्वाधिक दिव्यांगों को रोजगार देने एवं सर्वाधिक महिलाओं को रोजगार देने जैसे अनेक पैरामीटरों पर कबीरधाम यह उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा लगातार विभागीय योजनाओं की समीक्षा की जाती रही है। जिसके फलस्वरूप समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए है। ग्रामीण अंचलों में रोजगार देने का सिलसिला वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक लगातार जारी रहा तथा वर्ष भर ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में रोजगार के साधन गांव में ही प्राप्त हुए।

### ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा मनरेगा: कलेक्टर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में होने वाले कार्यों की पहचान पहले से करते हुए समय पर कार्य स्वीकृत किए गए। ग्रामीणों की मांग पर उन्हें रोजगार प्रदान किया गया और अनेक प्रकार के कार्य होने से ग्रामीण क्षेत्रों में परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ बड़ी मात्रा में मजदूरी भुगतान के माध्यम से ग्रामीणों को आर्थिक लाभ हुआ जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सहायक है।

### रोजगार व परिसंपत्तियों का निर्माण एक साथ: सीईओ

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सरोवर निर्माण, डबरी निर्माण, नया तालाब निर्माण, नाली निर्माण, पहुंच मार्ग, पशु शेड के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में मजदूरी का कार्य एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत अभिसरण जैसे अनेक कार्य इस योजना मे हो रहा हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन के लिए सामुदायिक एवं हितग्राही मूलक कार्यों भी हो रहे है। ज्ञात हो की ग्रामीण विकास मे महात्मा गांधी नरेगा योजना की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कबीरधाम जिला इस योजना के क्रियान्वयन में लंबे समय से अग्रणी बना हुआ है। अधोसंरचना विकास के साथ आजीविका संवर्धन के लिए इस योजना से अनेकों कार्य हो रहे हैं।

### हिन्दू नववर्ष में कांग्रेस परिवार ने किया शरबत वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दू नववर्ष पर भव्य शोभा यात्रा व झांकी निकाली गई। इस अवसर पर कांग्रेस परिवार द्वारा रैली में शामिल सनातनियो को शरबत पिलाया गया। साथ ही कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी इस शोभा यात्रा में शामिल हुए। अवसर दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस परिवार पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सोढ़ा में तीन दिवसीय प्रवचन 4 अप्रैल से प्रारंभ

**कवर्धा।** ग्राम सोढ़ा में श्रीराम जानकी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और तीन दिवसीय प्रवचन रखा गया है। 4 अप्रैल को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 5 अप्रैल को जल यात्रा, वेदी निर्माण और गणेश पूजन होगा। 6 अप्रैल को मंदिर प्राण प्रतिष्ठा स्थापना, हवन पूजा, पूर्णाहुति, कलश स्थापना और शोभायात्रा निकाली जाएगी। 6 अप्रैल से प्रवचन होगा। इसके कथा व्यास दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर राजीव लोचन दास महाराज होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शुरू होगी।

### राजस्व मामलों के लिए शिविर 7 अप्रैल से

**कवर्धा।** राजस्व मामलों के निराकरण को लेकर अप्रैल, मई और जून में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम चलेगा। इसके तहत 7. अप्रैल से 21 अप्रैल, 13 मई से 27 मई और 16 जून से 30 जून तक शिविर लगेंगे। ये शिविर ग्राम पंचायतों और पटवारी हल्कों में होंगे। हर शिविर में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और वरिष्ठ राजस्व अधिकारी मौजूदे रहेंगे। अधिकारी ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान करेंगे।

### हितग्राहियों को मुंह मीठा कर करवाया गृह प्रवेश

**चिल्फीघाटी।** बोड़ला ब्लॉक के बैगा गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिलीप दास का नया मकान तैयार हुआ। निर्माण कार्य आवास मित्र की निगरानी में तेजी से पूरा किया गया। मंगलवार को का रेंगाखार मंडल के महामंत्री प्रकाश धारवैया ने फीता काटकर गृह प्रवेश कराया। मुंह मीठा कराकर कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर सहकारी समिति अध्यक्ष लालाराम यदु, मंडल उपाध्यक्ष राजेश निषाद, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जीवन दास मानिकपुरी, गांव के उपसरपंच शासन दास धारवैया मौजूद रहे। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। क्षेत्र में बाकी प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इन निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कर हितग्राहियों को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। जिसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास व कार्य किए जा रहे हैं।

# सरकार की नक्सल पुनर्वास नीति से सुदूर क्षेत्रों में शांति और विकास की नई पहल: विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थायी शांति स्थापित करने और आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए एक समग्र और प्रभावी छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण/ पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025 लागू की है। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि सरकार की नई नक्सल पुनर्वास नीति 2025 के तहत न केवल आत्मसमर्पण को प्रोत्साहित किया जा रहा है, बल्कि समर्पण करने वाले नक्सलियों को एक सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन की ओर बढने का अवसर भी दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इस नीति का मुख्य उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भय और असुरक्षा के माहौल को समाप्त कर वहां के नागरिकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता, आवास, शिक्षा और रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि वे एक नई शुरुआत कर सकें। नक्सल संगठन छोडने वाले लोगों को सुरक्षा बलों की निगरानी में सुरक्षित आवास प्रदान किया जाता है, जहाँ वे अपने परिवार सहित शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत कर सकें। उनके पुनर्वास के लिए राज्य सरकार ने विशेष प्रशिक्षण केन्द्रो की स्थापना की है, जहाँ उन्हें तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे अपने जीवनयापन के लिए आत्मनिर्भर बन सकें। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि सरकार केवल आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनके परिवारों के कल्याण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। समर्पित नक्सलियों के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं और विशेष विद्यालयों की व्यवस्था की गई है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि उनके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित माहौल मिले, जिससे वे आगे चलकर समाज के सम्मानजनक नागरिक बन सकें। स्वास्थ्य सुविधाओं को भी इन परिवारों तक पहुंचाने के लिए विशेष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ मुफ्त चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए सड़कों, पुलों और बिजली की आपूर्ति जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि जब तक इन क्षेत्रों में आधारभूत विकास नहीं होगा, तब तक वहां स्थायी शांति की स्थापना संभव नहीं हो पाएगी। इसलिए इन इलाकों में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए नए औद्योगिक और कृषि विकास परियोजनाओं को भी गति दी जा रही है। सरकार द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए आत्मसमर्पित नक्सलियों को ऋण योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय शुरू कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

## पुनर्वास नीति के तहत मिलेगी नौकरी व रोजगार



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकारी नौकरियों, सहकारी समितियों और अन्य रोजगार योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे पुनः अपराध या नक्सल गतिविधियों की ओर न मुड़ें। पुनर्वासित व्यक्तियों को उनकी योग्यता और क्षमता के अनुसार विभिन्न सरकारी विभागों में कार्य करने का अवसर दिया जा रहा है। इसके अलावा, उन्हें खेती, पशुपालन, हस्तशिल्प और अन्य स्वरोजगार योजनाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे अपनी आजीविका खुद सुनिश्चित कर सकें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इस पुनर्वास नीति के कारण कई पूर्व नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज में लौट रहे हैं और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। राज्य सरकार की यह नीति न केवल नक्सलियों को मुख्यधारा में वापस लाने में सफल हो रही है, बल्कि इससे छत्तीसगढ़ के सुदूर क्षेत्रों में स्थायी शांति स्थापित करने में भी सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सिर्फ उग्रवाद को समाप्त करना नहीं है, बल्कि उन लोगों को भी नई जिंदगी देना है, जो किसी कारणवश इस पथ पर चले गए थे और अब वापसी करना चाहते हैं।

## उपमुख्यमंत्री ने की अपील

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण में सरकार का साथ दें और इस शांति एवं विकास की यात्रा को और मजबूत करें। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृहमंत्रीअमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार की यह नीति प्रदेश को उग्रवाद-मुक्त, शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगी। अवश्य ही मार्च 2026 तक देश सहित छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होगा है।



**समस्या:** जल स्तर गिरने से बंद हो रहे हैण्डपंप, भी सूखे

# लगातार दम तोड़ रहे हैं अंचल के जल स्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्रीष्म ऋतु का दौर शुरू हो गया है और हर साल की तरह इस साल भी शासन, प्रशासन तथा संबंधित पीएचई विभाग के अधिकारियों की गैरजिम्मेदारी के चलते जिले के पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर मैदानी ईलाकों में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। बढ़ती गर्मी के साथ कहीं जल स्तर गिरने से हैण्ड पंप पानी नहीं उगल रहे हैं तो कहीं भीषण गर्मी और जल समस्या के बीच पीएचई विभाग की नल जल योजना मुंह चिढ़ा रही है। उल्लेखनीय है कि जिले में हर साल ग्रीष्म ऋतु में उत्पन्न होने वाली पेयजल की समस्या को देखते हुए लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने शासन ने जल जीवन मिशन की शुरूआत की है। जिसके तहत पीएचई विभाग के माध्यम से गांव-गांव में लाखों रूपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण कर घरों घर नल कनेक्शन दिए गए है। लेकिन ग्रामीणों की माने तो विभाग की ये पानी टंकी और नल कनेक्शन सिर्फ शो पीस बनकर रह गए हैं। विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम घोरपेण्ड्री, पीपरमाटी, बसनी, कंझेटा सहित ऐसे दर्जनो गांव है जहां नलजल योजना के तहत बनी लाखों की पानी टंकी और पाईप लाईन विस्तारीकरण कार्य लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। यहीं हाल जिले के कवर्धा, बोड़ला तथा स. लोहारा के ग्रामीण व वनांचल ईलाकों का है। जिसके चलते लोगों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## ले देकर पानी उगल पा रहे हैं हैण्ड पंप



पीएचई विभाग की नलजल योजना की ही तरह ग्रामीण अंचलों के मुख्य पेयजल स्त्रोत माने जाने वाले हैण्ड पंपों का भी यही हाल है। ग्राम कोलेगांव के ब्राहम्ण पारा के ग्रामीणों ने बताया कि यहां ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने हैण्डपंप की सुविधा उपलब्ध है। जिसमें लगभग पूरे पारा की निस्तारी होती है। लेकिन लगातार बढ़ती गर्मी के कारण अब यह हैण्ड पंप दम तोड़ने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि जल स्तर नीचे गिरने के कारण एक तो हैण्ड पंप से पानी लाल निकलने लगा है और वह भी घंटों की मसक्कत के बाद आ रहा है। जो न तो पीने लायक है और न ही निस्तारी के लायक। ऐसे में ग्रामीणों के सामने अब गंभीर समस्या खड़ी हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन व विभाग से हैण्ड पंप दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

# समाज गौरव सम्मान से नवाजे गए प्रधान पाठक रामलाल साहू

## प्रधान पाठक के बेहतर कार्यशैली से गांव का नाम रौशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़



छात्रों व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा ब्लाक के प्राशा कट्टहा नवागॉव प्रधान पाठक रामलाल साहू को विधायक पुरंदर मिश्रा, डीईओ विजय खंडेलवाल, छालीवुड अभिनेत्री जागेश्वरी मढ़रिया मेश्राम, उड़ान नई दिशा के संस्थापक निधी चंद्राकर, परसराम साहू, संस्था संस्थापक संजय कुमार मैथिल द्वारा समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

रामलाल साहू बेहतरीन नवाचार के लिए नीपा दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट स्कूल प्रैक्टिस कार्यशाला के लिए भी पुरस्कृत हो चुके है। बीते साल मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 उत्कृष्ट प्रधान पाठक भी मिला है। वही जादुई पिटारा, टीएलएम जैसे नवाचार को लेकर जिला प्रशासन भी सम्मानित कर चुका है। सरपंच प्रीतिलता साहू ने कहा कि प्रधान पाठक के बेहतर कार्यशैली से बच्चों के साथ साथ गांव का भी नाम रोशन हुआ है।

शाला विकास समिति अध्यक्ष शीत राम जोशी ने सम्मानित होने पर खुशी जताई है वही बेहतर कार्य के चलते अलग अलग मंच पर रामलाल साहू को सम्मान मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, एपीसी आत्माराम साहू, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, संकुल समन्वयक धृतेन्द्र सिंह, संकुल प्राचार्य चंद्रभान साहू, नीलम वर्मा सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## जल संरक्षण के महत्व के प्रति किया जागरूक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने महिला जन-जल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विश्व जल दिवस पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम फरहद में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व एवं इसकी अनिवार्यता के प्रति जागरूक करने महिला जन-जल जागरूकता अभियान के तहत जल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल गुणवत्ता की जांच कर जल को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं ग्रामीणों द्वारा रैली निकालकर जल है तो कल है, के संदेश के साथ जल बचाने का संकल्प भी दिलाया गया।

## प्रधानपाठक विजय कुमार को मिला समाज गौरव सम्मान



**कवर्धा।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं वार्षिक सम्मेलन के उपलक्ष में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह - 2025 का आयोजन गत 31 मार्च को वृंदावन हॉल रायपुर में किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुरेंदर मिश्रा विधायक उत्तर रायपुर उपस्थित थे। अध्यक्षता विजय खंडेलवाल जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा की गई। कार्यक्रम में छात्र व शिक्षक के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक/शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, शिक्षा में उत्कृष्ठता तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट व अप्रति कार्य व सहयोग के लिए शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा विजय कुमार लंझियाना प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव विकासखंड सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम को समाज गौरव सम्मान 2025 से पुरस्कृत किया। अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर में किया गया प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

दिल्ली पब्लिक स्कूल महाराजपुर, कवर्धा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के शुभारंभ के अवसर पर प्रवेश उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नए एवं पुराने विद्यार्थियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। बच्चों को तिलक लगाकर एवं मौली धागा बांधकर शुभकामनाएं दी गईं, जिससे वे शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह के साथ प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा और अनुशासन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। इसके पश्चात, छात्रों ने शिक्षकों की सहायता से अपनी-अपनी कक्षाओं को रंग-बिरंगे पोस्टर, चित्रों और कलात्मक सजावट से सजाया, जिससे पूरे विद्यालय में एक उल्लासमय वातावरण बना। इसके साथ ही, विद्यार्थियों के लिए खेल, चित्रकला, क्विज़, संगीत, नृत्य एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे वे आनंद के साथ सीखने के लिए प्रेरित हुए। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन शिव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं अभिषेक अग्रवाल, विजय गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिए और उन्हें नए शैक्षणिक सत्र में पूरे उत्साह और लगन के साथ सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि यह नया सत्र उनके लिए नए अवसरों और उपलब्धियों से भरा होगा। उन्होंने अभिभावकों को भी विद्यालय के सहयोगी बनने का आह्वान किया ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दिया जा सके। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिष्ठान और उपहार वितरित किए गए, जिससे उनका उत्साह और मनोबल भी बढ़ गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को बनाए रखने का संदेश दिया।




## सरोदादादर के बैगा पारा को मिली पेयजल की समस्या से मुक्ति



**कवर्धा।** मैकल पर्वत श्रृंखला के ऊपरी क्षेत्र में स्थित बड़े सरोदादादर के मंडलाकोन्हा पारा टोला में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए पानी की समस्या अब बीते दिनों की बात हो गई है। पेयजल संकट की सूचना मिलते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ने तत्काल स्थल का निरीक्षण किया और खराब हैंडपंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कर दिया। हैंडपंप से पानी आने पर स्थानीय निवासी राजू बैगा सहित ग्रामीणों ने विभाग को धन्यवाद दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव अब्दुल कैसर हक़ के निर्देश और कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम आगामी आदेश तक संचालित रहेगा, जिससे जिले में निर्बाद्ध जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। जिले में नागरिकों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है, जिस पर पेयजल संबंधी किसी भी समस्या की सूचना दी जा सकती है। कार्यपालन अभियंता डीएस राजपूत ने बताया कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी ओम प्रकाश साहू को नियुक्त किया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल आपूर्ति संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए उपरोक्त अधिकारियों या टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें।

**निकाली बाइक रैली, हिन्दूस्तान को हिन्दू राष्ट्र बनाने पर वक्ताओं ने दिया जोर**

# हिन्दू नववर्ष पर युवा मित्र मंडल का हिन्दू गर्जना कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

हिन्दू नववर्ष के अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी युवा मित्र मंडल द्वारा स. लोहारा नगर में हिन्दू गर्जना का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मोटर सायकल रैली निकालकर किया गया। रैली मंगल भवन से प्रारम्भ होकर मस्जिद गली, जमातपारा, चांदनी चौक, बस स्टैंड, शान्ति नगर, वैशाली नगर, साहू पारा, हरिजन वार्ड होते हुए पुनः मंगल भवन में आकर समाप्त हुई। तत्पश्चात हिन्दू गर्जना सभा कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता, हनुमान जी, रामजी के तैलचित्र का पूजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि सुधीर सिंह ने अपने उद्बोधन में युवा मित्र मंडल द्वारा विगत बारह वर्षो मे आयोजित किए जा रहे है कार्यक्रमों के विषय में बताया। उन्होने बताया की अब तब कुल 19 रैलियों का आयोजन किया गया हैं जिसमें अनुमानित लोगों की संख्या 13725 की रही है। गौ तस्करो से लगभग 7500 गायों को बचाया गया, लव जिहाद से करीब 35 हिन्दू बहनो को बचाया गया। भारत हो सर्ववैधानिक हिन्दू राष्ट्र बनाने भगवा सत्याग्रह अभियान चलाया गया जिसमें 23 गावों में करीब 16735 लोगों नें उपवास रखा एवं राष्ट्रपति के नाम तहसील में जाकर करीब 7000 से अधिक लोगो नें ज्ञापन सौपा। मंच में अतिथि के रूप में उपस्थित कैलाश शर्मा, सीताराम धुर्वे तथा राजेंद्र पाल ने भी युवा मित्र मण्डल के कार्यो की सराहना करते हुए भारत को संवैधानिक हिन्दू राष्ट्र बनाने के विषय पर अपनी बात कही। वहीं अजय बागड़े द्वारा छत्तीसगढ़ी राष्ट्रवादी कविता का उद्बोधन किया गया। अंत मे मुख्य वक्ता के रूप मे लक्समी नारायण मंदिर रायपुर से आए ववेदाचार्य नें भारत को अखंड बनाने एवं विश्व में सनातन संस्कृति को स्थापति करने, भारत को संवैधानिक हिन्दू राष्ट्र बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया साहू ने किया।




# जिला पंचायत उपाध्यक्ष से मिले शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला पंचायत के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी से स्थानीय सर्किट हाउस में हुए प्रथम मुलाकात में स्वागत पश्चात शिक्षक एलबी संवर्ग के क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान पर विस्तार से चर्चा किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने दस वर्ष एवं बीस वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान देने का निर्णय 28 फरवरी 2024 को दिया है। इस संबंध में जिले के सैकड़ो शिक्षक एल. बी. संवर्ग ने क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान की मांग को लेकर जिला पंचायत में विगत सितंबर-2024 में आवेदन दिया है, लेकिन पांच माह बाद भी आवेदन का अब तक निराकरण नहीं हुआ है। अतः एक ही पद पर दस साल पूर्ण करने वाले शिक्षकों को क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान स्वीकृत कर रिवाइज्ड एलपीसी शिक्षा विभाग को प्रेषित किया जावे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सीईओ से चर्चा किया और आश्वस्त किया कि सामान्य प्रशासन समिति के प्रथम बैठक में शिक्षकों के क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान पर चर्चा कर उचित निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे।